वर्ष : 33 | अंक : 262 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, रविवार, 8 दिसंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# शपथ पर अग्निपथ

- महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के विधायकों का शपथ से वॉकआउट
- 173 विधायकों ने शपथ ली, 115 विधायकों को शपथ लेना बाकी

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में चुनाव हो गए। नतीजे आ गए। सरकार भी बन गई। मगर सियासी पारा अब भी हाई है। महाराष्ट्र में अब शपथ पर सियासी अग्निपथ देखने को मिल रहा है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के विधायकों ने सदन का वॉकआउट कर सियासी पारा और हाई कर दिया। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा का आज से तीन दिवसी विशेष सत्र शुरू हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने शनिवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली।

### आदित्य ठाकरे बोले- हमें EVM पर शक

शनिवार को 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सबसे पहले विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने महायुति के तीनों नेताओं को विधायक के रूप में शपथ दिलाई। इस विशेष सत्र में प्रोटेम स्पीकर सभी 288 नए विधायकों को शपथ लेनी थी। 173 विधायकों ने शपथ ली। इसी कड़ी में विधायकों का शपथ हो रहा था। तभी उद्धव गुट वाली शिवसेना के विधायकों ने शपथ लेने से इनकार कर दिया। साथ ही एमवीए के भी अन्य विधायकों ने शपथ नहीं ली। आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमने इसलिए आज शपथ नहीं ली। क्योंकि हमें ईवीएम पर संदेह है। यह जनता का जनादेश नहीं है। इसके बाद उद्धव गुट के विधायकों ने सदन का वॉकआउट कर दिया। आदित्य ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आज हमने फैसला किया है कि हमारे (शिवसेना UBT) जीते हुए विधायक शपथ नहीं लेंगे। अगर यह जनता का जनादेश होता तो लोग खुश होते और जश्न मनाते, लेकिन इस जीत का कहीं भी लोगों ने जश्न नहीं मनाया। हमें EVM पर संदेह है।'

### अजित बोले- चुनाव आयोग जाएं

इस पर अजित पवार ने पलटवार किया है। अजित पवार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी आज विपक्ष ने वॉकआउट किया है। उनका कहना है कि ईवीएम को लेकर किया है। मैंने ऐसा पहली दफा देखा है। चुनाव हुआ है। यहां वॉकआउट करने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर उन्हें ईवीएम पर संदेह है तो उन्हें चुनाव आयोग जाना चाहिए। अगर कुछ लग रहा है तो चुनाव आयोग जाए वहां भी न्याय ना लगे तो कोर्ट जाइए। वहां विपक्ष के कोई सीनियर नेता नहीं थे।



### 115 विधायकों को शपथ लेना बाकी

115 विधायकों को शपथ लेना बाकी है। इनमें ज्यादातर विपक्ष के हैं। महाराष्ट्र विधानसभा का स्पेशल सेशन 8 दिसंबर के लिए स्थगित किया गया है।

### शिवसेना यूबीटी नेता ने की विपक्ष के लिए डिप्टी स्पीकर पद की मांग



विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) के नेता भास्कर जाधव ने दावा किया कि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो केवल पार्टी की ताकत के आधार पर महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति की बात करता हो। उन्होंने कहा कि मैंने विधानमंडल सचिव को इस बारे में एक पत्र लिखा है। इसमें कानून के उस प्रावधान का विवरण मांगा है जिसके तहत विपक्ष के नेता की नियुक्ति की जाती है। जाधव ने बताया कि मैंने राज्य विधानमंडल सचिव से मुलाकात की, तब उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं मिला।

"हम विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए और हमने शपथ नहीं ली। इसका कारण ये था कि मारकडवाडी के लोग विधानसभा चुनाव के लिए बैलेट पेपर से मतदान चाहते थे और प्रशासन ने यह मांग नहीं मानी। लोगों को ये तय करने का अधिकार है कि वे कैसे मतदान करना चाहते हैं। क्या अपनी राजनीतिक जागरूकता दिखाना गलत है।

**जितेंद्र आव्हाड, NCP (शरद पवार) नेता**

जब भी हम EVM, VV-PAT की जांच के बारे में बात करते हैं तो चुनाव आयोग हमेशा मॉकपोल की बात करता है। वे हमें 100% जांच करने की अनुमति नहीं देते हैं। चुनाव पारदर्शी तरीके से हुए, अगर EVM में कोई समस्या नहीं है तो मारकडवाडी गांव में री-पोलिंग कराने में क्या समस्या है। पूरा गांव इसकी मांग कर रहा है, हम मार्कडवाडी गांव के लोगों के साथ हैं।

**– विजय वडेट्टीवार, कांग्रेस नेता**

हमारा इससे क्या लेना-देना है। टिकट बांटने के दौरान हमसे संपर्क नहीं किया गया, चुनाव के दौरान किसी भी तरह का समन्वय नहीं था।,लेकिन मेरी राय है कि अगर लोगों में संदेह है तो EVM को हटा दिया जाना चाहिए। मैंने शपथ ले ली है।


**– अबू आजमी, समाजवादी पार्टी नेता**

---

## बीजेपी की वॉशिंग मशीन में धुल गए अजित पवार : राउत

# पवित्रम...

## अजित पवार की ₹1,000 करोड़ की जब्त संपत्ति होगी रिलीज



- ट्रिब्यूनल बोला- बेनामी लेन-देन नहीं हुआ
- आयकर विभाग ने 2021 में सीज की थी

**दीपक पवार । मुंबई**

महाराष्ट्र के डिप्टी CM पद की छठी बार शपथ लेने के 2 दिन बाद अजित पवार की जब्त बेनामी संपत्ति रिलीज करने का आदेश आ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली के आयकर विभाग ट्रिब्यूनल ने पवार की 1 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को फ्री कर दिया है। 7 अक्टूबर 2021 में छापेमारी के दौरान IT डिपार्टमेंट ने इन संपत्तियों को जब्त किया था। इसमें अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार और बेटे पार्थ पवार की भी संपत्तियां हैं। ट्रिब्यूनल ने संपत्तियां मुक्त करने का आदेश सुनाते हुए कहा- संपत्तियों को लेकर कोई गैरकानूनी हेरफेर होने का सबूत IT डिपार्टमेंट पेश नहीं कर पाया है। बेनामी लेन-देन की बात भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। सभी ट्रांजेक्शन बैंकिंग सिस्टम के जरिए हुए हैं।

### संपत्तियां सीधे अजित पवार के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं थीं

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रिब्यूनल अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर चुका था, लेकिन 5 नवंबर 2024 को IT डिपार्मेंट ने फिर से याचिका लगाकर पुनर्विचार की अपील की थी। कोर्ट ने IT की पुनर्विचार वाली अपील भी खारिज कर दी है। IT डिपार्टमेंट ने बेनामी संपत्ति रोकथाम अधिनियम के तहत मुंबई में अजित पवार और उनके करीबियों के घरों और ऑफिस की तलाशी ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी संपत्तियां सीधे अजित पवार के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं थीं।

### 30 से ज्यादा संपत्तियां सीज हुई थीं

- 400 करोड़ से ज्यादा मार्केट वैल्यू की जरंदेश्वर शुगर फैक्ट्री।
- साउथ दिल्ली में स्थित 20 करोड़ रुपए का फ्लैट।
- पार्थ पवार का निर्मल ऑफिस। इसकी कीमत 25 करोड़ रुपए थी।
- 'गोवा में 250 करोड़ रुपए का 'निलय' रिसॉर्ट।
- पुणे, मुंबई समेत महाराष्ट्र की 27 अलग-अलग जगहों की जमीन।

### सियासी बयानबाजी



अजित पवार को तो क्लीन चिट मिलनी ही थी। उनकी 1000 करोड़ की बेनामी संपत्ति जब्त हुई थी। बीजेपी ने प्रफुल्ल पटेल के ऊपर तो दाउद इब्राहिम के साथ जोड़ का आरोप लगाया था। अब दोनों बीजेपी के साथ हैं तो सारे दाग साफ हो गए। बीजेपी की वॉशिंग मशीन में धुल गए दोनों। संसद में 50 हजार रुपये मिल गए तो हंगामा हो गया। लेकिन 1 हजार करोड़ रुपये माफ कर दिए गए तो कोई हंगामा नहीं।

**– संजय राउत, शिवसेना यूबीटी नेता**



बीजेपी का मकान ही ऐसा है कि जो उनके घर में जाता है क्लीन हो जाता है। जो उनके घर में नहीं जाता है तो उनके कपड़ों में दाग दिखते हैं। बीजेपी का मकान दाग धोने की जगह है।'

**विजय वडेट्टीवार, कांग्रेस नेता**



विपक्ष कुछ भी कह सकता है। लेकिन फैसला तो कोर्ट ने दिया है। मैं भाजपा के साथ कब गया हूं? डेढ़ साल हो गए। उन्होंने जो भी आरोप लगाए हैं सभी सच हैं, ये मानना पड़ेगा ऐसा नहीं है। कोर्ट ने मेरे पक्ष में फैसला दिया है। सभी को अपील करने का अधिकार है।

**– सुनील तटकरे, एनसीपी नेता**

---


# हृदयविदारक घटना

## बीच सड़क पर महिला को नोंच नोंचकर घसीटते रहे आवारा कुत्ते

### CCTV में कैद हुई घटना

**धीरज सिंह । कल्याण**

महाराष्ट्र के कल्याण के पास टिटवाला के रीजेंसी कॉम्प्लेक्स में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहां एक महिला पर चार से पांच आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों के झुंड ने महिला को घसीट घसीटकर घायल कर दिया, महिला को कुत्ते नोंच नोंचकर घसीटते रहे और महिला चीखती चिल्लाती रही। कुत्तों के इस हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया है। इस घटना से इलाके मे दहशत का माहौल है। संबंधित अधिकारियों द्वारा आगे की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की देर रात तकरीबन एक बजे के आसपास की यह घटना सामने आई है। टिटवाला के रीजेंसी कॉम्प्लेक्स के कैंप में एक 68 वर्षीय महिला पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इतना ही नहीं, कुत्ते महिला को घसीट घसीटकर 50 मीटर दूर तक ले गए। उसके बाद कुछ लोग दौड़कर आए जिन्हें देखकर कुत्तों ने महिला को छोड़ दिया और भाग गए। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।



### महिला की हालत काफी गंभीर

गोवेली सरकारी अस्पताल की डॉक्टर दीपलक्ष्मी कांबले ने बताया कि, रात तीन बजे के आसपास घायल महिला को गोवेली अस्पताल में लाया गया। महिला गंभीर रूप से घायल है। उसके सिर पर, पैर में, हाथ में गहरा जख्म होने के कारण वह इस स्थिति में नहीं है कि वो कुछ भी बात कर सके। महिला का प्राथमिक इलाज किया गया उसके तुरंत बाद महिला को उल्हासनगर के सेंट्रल हॉस्पिटल भेजा गया लेकिन महिला की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने कलवा हॉस्पिटल भेजा जहां से अब उसे मुंबई के जेजे अस्पताल में भेज दिया है।

### लोगों ने जताई चिंता

लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर लगाम लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो सकें।

---

# मुंबई-पुणे के बीच चलेगी देश की पहली हाइपरलूप ट्रेन

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

मुंबई-पुणे का सफर जल्द ही हाइपरलूप से सिर्फ 25 मिनट में तय होगा। इस सफर में अभी तीन-चार घंटे लगते हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाइपरलूप का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। यह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ड्रीम प्रोजेक्ट था। केंद्र ने अब इसे हरी झंडी दे दी है। फडणवीस के दोबारा मुख्यमंत्री बनने से इस



प्रोजेक्ट को गति मिलेगी। यह देश का पहला हाइपरलूप रूट होगा। ट्रेन 1200 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ सकती है, लेकिन मुंबई-पुणे के बीच इसकी स्पीड 600 किमी/घंटा रहेगी। इस ट्रेन का किराया हवाई जहाज के बराबर हो सकता है।

### 25 मिनट में पूरा होगा चार घंटे का सफर

मुंबई- पुणे के बीच का सफर अभी तीन से चार घंटे का होता है। लेकिन हायपरलूप ट्रेन से यह सफर घटकर सिर्फ 25 मिनट का रह जाएगा। इसके लिए एक खास तरह की ट्रेन बनाई जाएगी जो बिना रुके मुंबई से पुणे तक दौड़ेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हायपरलूप का एक वीडियो शेयर करके इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल में इस प्रोजेक्ट को शुरू करने की कोशिश की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है।

---

# दो फाड़ हुई इंडिया गठबंधन

- इंडिया गठबंधन में खुल कर सामने आई फूट
- ममता के समर्थन में उतरी सपा, एमवीए से होगी बाहर
- कांग्रेस पर साइड-लाइन का खतरा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एनडीए को टक्कर देने के लिए सभी विपक्षी दलों ने एक साथ आने की प्लानिंग की थी, जो अब बिखरती हुई नजर आ रही है। दरअसल, साल 2023 में देश के 26 प्रमुख विपक्षी दलों ने एक साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी की। इन 26 प्रमुख दलों को मिलाकर I.N.D.I.A. गठबंधन बना। इस गठबंधन की कमान फिलहाल अभी कांग्रेस के पास है, जिसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भी इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका, जिसके बाद से अब इसमें शामिल दल खुद को इससे अलग करते दिख रहे हैं।



### अवधेश प्रसाद को पीछे भेजने से सपा नाराज

दूसरी ओर लोकसभा में सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर भी इंडिया ब्लॉक के अंदर खींचतान सबकुछ ठीक नहीं माना जा रहा है। यहां 18वीं लोकसभा की नई सिटिंग व्यवस्था के तहत अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद को दूसरी पंक्ति में सीट दी गई है, जिससे समाजवादी पार्टी नाराज चल रही है।

### सपा ने महा विकास अघाडी से अलग होने का किया ऐलान

सबसे पहले हाल में ही महाराष्ट्र में एमवीए से अलग होने का ऐलान करने वाली घटना का जिक्र करते हैं। यहां विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी से समाजवादी पार्टी ने खुद को अलग करने का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र के समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने खुद की पार्टी को एमवीए से अलग करने का ऐलान करके नई राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।

### ममता ने जताई इंडिया गठबंधन को संभालने की इच्छा

ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जताई है। ममता बनर्जी ने महाराष्ट्र चुनाव में महा विकास अघाडी को मिली हार के बाद कहा है कि जरूरत पड़ने पर वह बंगाल से ही गठबंधन की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। माना जा रहा है कि ममता अब आर-पार की तैयारी में हैं। या तो उन्हें इंडिया गठबंधन का नेतृत्व संभालने की जिम्मेदारी चाहिए या फिर वह खुद को इंडिया गठबंधन से अलग कर सकती हैं।

---

# पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई पुलिस को शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर आए इस मैसेज में लिखा गया था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (ISI) के दो एजेंट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं। मैसेज मिलते ही मुंबई पुलिस टीम अलर्ट हो गई। धमकी भरे संदेश पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस नंबर से यह मैसेज मिला था हमने उसकी जांच की थी। हमें पता चला कि यह नंबर अजमेर राजस्थान से संबंधित है। संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने के लिए हमारी एक टीम तुरंत राजस्थान के लिए रवाना हो गई है।

## मुंबई पुलिस को मिले व्हाट्सएप मैसेज से खलबली, जांच शुरू

### ट्रैफिक कंट्रोल टीम की हेल्पलाइन पर मैसेज मिला

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमारी ट्रैफिक कंट्रोल टीम की हेल्पलाइन पर सुबह तड़के ही धमकी भरा यह मैसेज मिला था। इस मैसेज में आईएसआई के दो एजेंटों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश के बारे में बताया गया था।



इस संदेश की मानें तो दोनों एजेंट पीएम मोदी को बम से उड़ाने की साजिश बना रहे हैं।

# नाबालिग छात्रों से यौन उत्पीड़न करने का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

## पुलिस रिमांड में भेजा

**डीबीडी संवाददाता | मीरा रोड**

अंबरनाथ : अंबरनाथ शहर से गुरु और शिष्य के रिश्ते को तार-तार करने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां पुलिस ने एक शिक्षक को तीन नाबालिग छात्रों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह शर्मनाक घटना यहां के एक निजी स्कूल में सामने आई है। इस मामले में अंबरनाथ पश्चिम पुलिस स्टेशन में संबंधित शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिक्षक पर अपने ही संस्थान के 3 नाबालिग छात्रों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। इस घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित तीनों छात्रों ने कुछ दिन से स्कूल आना बंद कर दिया था। स्कूल के ही एक अन्य शिक्षक ने जब छात्रों से इसका कारण पूछा तो तीनों ने शिक्षक को उनके साथ हो रही घटनाओं के बारे में बताया। यह निजी स्कूल बांद्रापाड़ा इलाके में है। स्कूल में कुल दो कमरे हैं जिनके माध्यम से यहां छात्रों को स्कूली शिक्षा प्रदान की जाती है।

### छात्रों से मसाज भी करवाता था आरोपी



पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद 10 तारीख तक उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले को लेकर पुलिस की प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शिक्षक पीड़ित छात्रों का यौन उत्पीड़न करता था और उनसे मसाज भी करवाता था। पीड़ित छात्रों की मेडिकल जांच करवाई गई है और अब रिपोर्ट आने का इंतजार है। तीनों पीड़ित छात्रों की उम्र 9 से 15 साल के बीच है।

### पुलिस रिमांड में आरोपी शिक्षक

निजी संस्था के इस स्कूल में तकरीबन 50 से अधिक गरीब विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इस मामले की जानकारी पुलिस को शुक्रवार शाम को एक एनजीओ के माध्यम मिली। अंबरनाथ पश्चिम पुलिस स्टेशन में शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया तथा आगे की जांच के लिए पुलिस आरोपी को अदालत से 10 तारीख तक पुलिस हिरासत में लेने में कामयाब रही। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश भी कर रही है कि आरोपी शिक्षक अब तक इस तरह की हरकत इससे पहले कितने बच्चों से कर चुका है।

# मशहूर गायक लखविंदर सुरजीत सिंह पर मुंबई में जानलेवा हमला

## 12 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | मीरा रोड**



नवी मुंबई। पंजाब के 45 वर्षीय भजन गायक लखविंदर सुरजीत सिंह पर नवी मुंबई में जानलेवा हमला हुआ है। इस बाबत करीब एक दर्ज से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के गुरदासपुर निवासी लखविंदर सुरजीत सिंह पर शुक्रवार शाम वाशी पर पनवेल-सायन मार्ग पर उस समय हमला हुआ जब वह जुईनगर से मुंबई एयरपोर्ट जा रहे थे।

### लोहे की रॉड और दरांती से अटैक

आरोपियों ने उनके वाहन को रोका और लोहे की रॉड और दरांती से उन पर हमला कर दिया। इस वारदात में गायक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कथित तौर पर लखविंदर साल 2017 में मारे गए एक व्यक्ति के परिजनों को समर्थन दे रहे थ। जिससे आरोपी नाखुश थे। अधिकारियों ने कहा कि हम इस दुश्मनी के विवरण की जांच कर रहे हैं। दो संदिग्धों की पहचान हैप्पी सिंह (35) और जसपाल सिंह (42) के रूप में हुई है।

### 12 से ज्यादा लोगों पर मामला दर्ज

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने लखविंदर सिंह को पिस्तौल और रिवॉल्वर से धमकाया और फिर उसे और उसके एक साथी को घटनास्थल पर छोड़कर भाग गए। नवी मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि लखविंदर सिंह अस्पताल में हैं। हमने भारतीय न्याय संहिता के तहत गैर-कानूनी तरीके से एकत्र होने, गलत तरीके से बंधक बनाने, हमला करने और अन्य अपराधों के लिए करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पूर्व महापौर ने किया क्षयरोग रोकथाम कार्यक्रम का उदघाटन



**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

क्षय रोग यानी टीबी से भारत को पूरी तरह से मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी तरह उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ विभाग के द्वारा कैंप 2 के आरोग्य केंद्र 2 द्वारा शनिवार को क्षय रोग दूरीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व महापौर मीना आयलानी ने पहुंचकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान रोटरी क्लब की तरफ से क्षय रोगियों को अनाज किट वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया था। इस कार्यक्रम के उदघाटन के दौरान डॉक्टर , स्वास्थ कर्मियों समेत तमाम स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। उपस्थित लोगों द्वारा क्षयरोगमुक्त भारत का संकल्प लेते हुए शपथ ली। इस कार्यक्रम में डॉ. मोहिनी धर्मा,डॉ. विजय खेडकर,मंगला चांडा समेत डॉक्टर , स्वास्थकर्मी उपस्थित रहे।

# क्लस्टर को लेकर मानपाड़ा, मनोरमा नगर और आजाद नगर के निवासियों के साथ हुई बैठक

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



मानपाड़ा, मनोरमा नगर व आजाद नगर के रहिवासियों के साथ क्लस्टर के विषय में एक बैठक आयोजित किया गया।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत बहुमंजिला इमारतों व मलिन बस्तियों के विकास को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयास से सामुहिक विकास योजना लागू करने वाला राज्य का पहला महानगर पालिका है।मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में मनपा ने इस योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है।उसी कड़ी के रूप में नागरिकों के साथ बातचीत किया जा रहा है। यह योजना सभी लोगों तक पहुंच सके। इसलिए अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने क्लस्टर कार्यालय में मानपाडा, मनोरमा नगर और आजाद नगर के रहिवासियों को योजना के बारे में पूरी जानकारी देकर मार्गदर्शन किया।

# सिद्धेश्वर तालाब परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



मनपा क्षेत्र के उथलसर प्रभाग समिति के सिद्धेश्वर तालाब परिसर में सर्वंकष स्वच्छता अभियान व्यापक पैमाने पर किया गया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संकल्पना के अनुसार शुरू सर्वंकष स्वच्छता मुहिम में बड़ी सड़के,चौक,झोपड़पट्टी आदि का साफ सफाई किया गया। मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार झोपडपट्टी परिसर के अंतर्गत रस्ते, गटर, सार्वजनिक शौचालय आदि का स्वच्छता अभियान किया गया। साथ ही अतिक्रमण विभाग की ओर से सड़कों पर से अतिक्रमण को हटाया गया। घनकचरा व्यवस्थापन विभाग,अतिक्रमण विभाग व उथलसर प्रभाग समिती परिसर में गटर सार्वजनिक शौचालय आदि का स्वच्छता अभियान किया गया। यह अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे के मार्गदर्शन में स्वच्छता मुहिम में 100 स्वच्छता कर्मी सहित उपायुक्त मनीष जोशी व स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राणी शिंदे ने भाग लिया।

# कल्याण-बदलापुर रूट पर जल्द दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक एसी बसें

## मनपा ने अपने बेड़े में शामिल किए 10 नए वाहन

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**




उल्हासनगर मनपा का परिवहन विभाग आम नागरिकों को सस्ती व अच्छी परिवहन सेवा देने के लक्ष्य पर कार्य कर रहा है। इस क्रम में मनपा परिवहन विभाग ने नागरिकों की सुविधा के लिए अपने बेड़े में 10 नई इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसें शामिल की हैं। पिछले 2 दिनों से इनमें से 5 एसी बसें ट्रायल के रूप में सड़को पर दौड़ने लगी हैं और यहां के लोग इनका लाभ भी लेने लगे हैं। उल्हासनगर मनपा के पास एसी व नॉन एसी मिलाकर कुल 20 बसें हैं।ट्रायल पूरा होते ही कल्याण- बदलापुर मार्ग पर ये बसें जल्द ही दौड़ने लग जाएंगी। इससे कल्याण, बदलापुर, उल्हासनगर व अंबरनाथ के लोगों को फायदा होगा। गुरुवार को मनपा के परिवहन विभाग ने राज्य राजमार्ग पर इन वातानुकूलित बसों का परीक्षण शुरू किया, जिसके बाद अगले सप्ताह से यात्रियों के लिए यह कम लागत वाली परिवहन सेवा शुरू कर दी जाएगी।

### सेवा शुरू होने को लेकर लोगों में उत्साह

अंबरनाथ, बदलापुर और उल्हासनगर के हजारों यात्री इस परिवहन सेवा का लाभ उठाकर सुखद यात्रा का आनंद ले सकते हैं। उल्हासनगर मनपा ने पिछले साल से शहर में दोबारा परिवहन सेवा शुरू की है। पहले चरण में पिछले साल शहर में 10 छोटे आकार की बसों की सेवा शुरू की गई, जिसे लेकर नागरिकों ने अच्छा रिस्पॉन्स दिया है। इसलिए अब उल्हासनगर मनपा द्वारा कल्याण, बदलापुर राज्य राजमार्ग से दूसरे चरण में कल्याण रेलवे स्टेशन से बदलापुर रेलवे स्टेशन तक यह सेवा शुरू की जा रही है।

### रोजाना आने-जाने वालों को मिलेगी राहत

मनपा परिवहन विभाग के इंचार्ज विनोद केणे ने ' नवभारत ' को बताया कि मनपा आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शक में परिवहन विभाग ने कल्याण से बदलापुर मार्ग पर बस सेवा का परीक्षण किया। एक बस एक दिन में कितनी यात्राएं करती हैं और एक राउंड ट्रिप में कितना समय लगता है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। एक सप्ताह तक फेरी का परीक्षण करने के बाद इस रूट पर पहली एसी परिवहन सेवा शुरू की जाएगी। इस सेवा से गर्मी और बरसात के मौसम में यात्रा करने वाले विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को काफी लाभ होगा तथा रिक्शा चालकों द्वारा यात्रियों से की जाने वाली लूट भी रुकेगी।

### रूट पर हर 15 मिनट में चलेगी बस

एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन 10 हजार यात्री इस रूट पर इस परिवहन सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इस सेवा के तहत पहली बस कल्याण स्टेशन से सुबह 6 बजे और आखिरी बस रात 11 बजे बदलापुर स्टेशन से कल्याण के लिए रवाना होगी। परिवहन विभाग इस रूट पर हर 15 मिनट पर यह सेवा जारी रखने का प्रयास कर रहा है। साथ ही 45 सीटों की क्षमता वाली इस बस का न्यूनतम चार्ज 5 और अधिकतम 30 रुपए होगा।

# उल्हासनगर महानगर पालिका की बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई

## बकायेदारों की संपत्तियां सील, पानी-बिजली कनेक्शन काटे

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगरः उल्हासनगर शहर के विकास में बाधा बन रहे संपत्ति कर बकायादारों के खिलाफ उल्हासनगर मनपा ने सख्त कदम उठाते हुए संपत्तियो को सील व पानी-बिजली कनेक्शन कटाने शुरु कर दिए हैं। शुक्रवार को टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक बड़ी संपत्ति पर मनपा ने कार्यवाही कर उसे सील कर दिया। पानी का कनेक्शन तत्काल बंद कर दिया गया, जबकि बिजली कनेक्शन काटने के लिए बिजली विभाग को पत्र भेजा गया है। इस कार्रवाई से बकाएदारों में हड़कंप मच गया है और इस फैसले की मनपा व शहर में जमकर चर्चा हो रही है।



### कर विभाग ने की है कार्रवाई

उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन में कर विभाग ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम, सचिन वानखेड़े और मनोज गोखलानी के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और संपत्ति को सील कर दिया। उल्हासनगर शहर के एक जाने-माने बिल्डर के नाम पर मौजूद इस संपत्ति पर 7 ।72 लाख रुपये का संपत्ति कर बकाया है। इससे पहले मनपा ने संबंधित मालिकों को कई बार नोटिस भेज कर टैक्स जमा करने का निर्देश दिया था। हालाँकि, हर बार मालिक नोटिश को गंभीरता से नही लेता था। दिलचस्प बात यह है कि इस संपत्ति में 12 से 15 झोपड़ियां हैं। 2010 के रिकॉर्ड के मुताबिक, इस संपत्ति का क्षेत्रफल 40 हजार वर्ग फीट बताया गया है। लेकिन हालिया माप से पता चला कि संपत्ति 3 लाख वर्ग फुट है। परिणामस्वरूप कर की राशि में भारी वृद्धि होने की संभावना है। इसके चलते मनपा ने बड़े बकाएदारों पर ध्यान देकर वसूली प्रक्रिया तेज करने का निर्णय लिया है। नीलम कदम ने स्पष्ट रूप से कहा, ₹सभी बकाएदारों को जल्द से जल्द बकाया कर का भुगतान करके मनपा को सहयोग करना चाहिए। अन्यथा, ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। विकास में बाधा डालने वालों को मनपा प्रशासन द्वारा कोई छूट नहीं दी जाएगी।

# अग्निवीर भर्ती में मदद का झांसा देकर ठगी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/सतारा**



महाराष्ट्र के सतारा जिले से अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में मदद करने के बहाने पालघर में कुछ युवाओं को ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय धनाजी काकड़े और 27 वर्षीय गणेश काले के तौर पर की गई है। दोनों ने युवाओं को अग्निपथ योजना में उनकी भर्ती सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया था। भर्ती प्रक्रिया 28 नवंबर को विरार के जीवदानी क्रिकेट ग्राउंड में चल रही थी।

### पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में आरोपी

विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक सुरेश गायकवाड़ ने कहा, ₹काकड़े और काले मैदान में गए और वहां कुछ उम्मीदवारों से संपर्क किया। उन्होंने उन उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने एक उम्मीदवार से एक हजार रुपये भी लिए और उससे अपने जैसे युवाओं को लाने के लिए कहा। जैसे ही कुछ उम्मीदवारों को एहसास हुआ कि उन्हें धोखा दिया जा रहा है, उन्होंने पुलिश में शिकायत दर्ज कराई।₹ बाद में पुलिस ने दोनों को मौके से पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 62 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत के सामने पेश किया गया। अदालत ने उन्हें पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# घर में लगी आग से घरेलू सामान जलकर राख

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**



भिवंडी तालुका अंतर्गत कवाड गांव के एक मकान में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे लगी भीषण आग लग गई। आग की तेज लपटों की वजह से घर में मौजूद तमाम घरेलू सामान,राशन,कपड़ा आदि जलकर राख हो गया। घर की ऊपरी छत लकड़ी की होने से भीषण आग से लकड़ी की छत जलकर नीचे गिरी जिससे समस्त सामान आग की भेंट चढ़ गया।आग की चपेट में आकर सब कुछ जलने से घर में कुछ भी नहीं बचने से लोग जीवन यापन की चिंता को लेकर रोते बिलखते देखे गए। मिली जानकारी के अनुसार, अग्निकांड से पीड़ित किसान वामन बाबू जाधव घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर बंद कर खेती में कार्य करने गए थे, जिससे कोई अनहोनी घटित नहीं हुई। सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची फायर कर्मियों की टीम ने घर में रखे हुए गैस सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाल कर भारी हादसा होने से बचाया और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाबी हासिल की।

# शादी टूटी तो इंस्टाग्राम पर नाबालिग लड़की को भेजा अश्लील मैसेज

## आरोपी अंकलेश्वर से हुआ गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | मीरा रोड**

सेंट्रल क्राइम ब्रांच की एक टीम ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर नाबालिग लड़की को अश्लील संदेश और फोटो भेजने वाले आरोपी को गुजरात के अंकलेश्वर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले को लेकर नाबालिग लड़की के पिता ने मीरा रोड पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मीरा रोड पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय अपराध जांच सेल ने भी मामले की जांच की और गुजरात पुलिस की मदद से आरोपी को धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में नाबालिग लड़की के मोबाइल फोन पर उसे इंस्टाग्राम पर एक आईडी से अश्लील फोटो और संदेश मिला था। इस बात की जानकारी लड़की ने परिजनों को दी जिसके बाद पुलिस में शिकायक की गई। मामले में मीरा रोड पुलिस ने बीएनएस की धारा 78,79 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम धारा 67, 67 (ए) के साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम धारा 12 के तहत अपराध दर्ज किया था।

### गुजरात से किया गिरफ्तार



केंद्रीय अपराध जांच सेल द्वारा भी इस अपराध की समानांतर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान इंस्टाग्राम आईडी से आरोपी का पता चला। उसकी पहचान 20 वर्षीय दीप विजयभाई सोलंकी के तौर पर हुई जो बिपिन पारिख सोसायटी, गलखोल पाटिया, अंकलेश्वर, गुजरात का निवासी है। आरोपी के बारे में प्रारंभिक जानकारी हासिल होने के बाद पुलिस निरीक्षक राहुल राख ने एक टीम को अंकलेश्वर, गुजरात भेजा जहां से स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद पता चला कि आरोपी की शादी अक्टूबर 2024 में शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी के साथ तय हुई थी। आरोपी का आचरण ठीक नहीं लगने पर लड़की के परिजनों ने उससे तय की गई शादी तोड़ दी थी। इसी बात से आरोपी नाराज था। लड़की और लड़की परिजनों से बदला लेने की भावना से उसने चोरी-छुपे अपने एक रिश्तेदारी के मोबाइल फोन पर एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई और लड़की के मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो और मैसेज भेजे।

# एमएसीटी ने लड़की को दिया छह लाख का मुआवजा

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



ठाणे में मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्युनल (एमएसीटी) ने एक लड़की को 6.35 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर दिया। दरअसल, लड़की 2017 में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ट्रिब्युनल सदस्य एसएन शाह ने तीन दिसंबर को आदेश जारी किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश होते हुए वकील एसएम पवार ने कहा कि पीड़िता श्वेता अनिलकुमार निषाद 15 मई, 2017 की रात मीरा रोड पर अपनी मां के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी एक जीप ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें तुरंत मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था। उनका अभी भी इलाज जारी है।

# ट्रक में मिली 44 लाख की विदेशी शराब, युवक अरेस्ट



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में एक ट्रक से 44.29 लाख रुपये की भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) बरामद की गई। इसके साथ ही एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी उड़न दस्ते के निरीक्षक महेश धनशेट्टी ने कहा कि भारत निर्मित विदेशी शराब को एक ट्रक में ले जाया जा रहा था। इसमें पेंट ले जाने का दावा किया गया था। ट्रक को शुक्रवार रात आठ बजे शिल फाटा इलाके से पकड़ा गया। स्टॉक हिमाचल प्रदेश में बिक्री के लिए था और गोवा में तैयार किया गया था। गिरफ्तार व्यक्ति पुनमा राम ढोकला राम गोदारा ट्रक का चालक है। शराब के तस्करी रैकेट की जांच की जा रही है।

# पेमेंट बैंक की फ्रेंचाइजी के नाम पर दंपती को लगाई चपत

**ठाणे** । ठाणे जिले में एक जोड़े से 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पीड़ित से पेमेंट बैंक की फ्रेंचाइजी खोलने के लि प्राधिकरण प्राप्त करने का वादा कर ठगी को अंजाम दिया। यह घटना अगस्त 2022 और अप्रैल 2023 के बीच घटी। गुरुवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों की पहचान कल्पित अशोकभाई सोनी और विक्रमसिंग सोलंकी के तौर पर की गई है। दोनों ही गुजरात का रहने वाला है, जबकि तीसरा आरोपी किशोरलाल शर्मा राजस्थान का रहने वाला है।

# टीबी को हराने के लिए मुंबई मनपा ने शुरू किया 'मिशन 100 डेज'

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

'क्षयरोग' यानी टीबी की बीमारी भारत में स्वास्थ्य से संबंधित बड़ी समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में क्षय रोग के सर्वाधिक मरीजों के मामले में भारत पहले पांच प्रमुख देशों में शामिल है। 2020 में दुनिया भर में पाए गए टीबी के मामलों में से 26% मामले भारत से ही सामने आए थे। एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 192 टीबी मरीज पाए जाते हैं, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 के अंत तक देश को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी लक्ष्य के तहत मुंबई मनपा 100 दिनों में टीबी को हराने के लिए एक खास शुरू करने जा रही है।




## शनिवार से शुरू हुआ अभियान

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अंतर्गत आनेवाले केंद्रीय क्षय रोग विभाग एवं राज्य सरकार से मिले निर्देशों के अनुरूप मुंबई मनपा अपने 26 वार्डों में 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक "100 दिवसीय अभियान" शुरू हुआ। इस अभियान के तहत टीबी रोगियों की पहचान की गति को बढ़ाना, टीबी के प्रसार को कम करना, टीबी से होने वाली मृत्यु दर को कम करना और टीबी के नए मामलों को रोकने का लक्ष्य मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी ने अपनी टीम को दिया है।

## ऐसी है मनपा की योजना

मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने जन भागीदारी के माध्यम से मुंबई मनपा क्षेत्र में इस अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन की योजना बनाई है। अभियान के दौरान उच्च जोखिम वाली आबादी और टीबी रोगियों की संभावनार मैपिंग की जाएगी। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की नैट और एक्स-रे की मदद से टीबी की जांच की जाएगी। मरीजों का तुरंत और उचित इलाज किया जाएगा। टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनाकर पोषण के साथ-साथ पोषण संबंधी सहायता के लिए निक्षय पोषण योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, मरीजों का फॉलोअप और नियंत्रण भी किया जाएगा। जिन लोगों को टीबी नहीं है, लेकिन वे रोगी के संपर्क में है, उन्हें क्षय रोग निवारक उपचार दिया जाएगा। मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने ऑडियो विजुअल सिस्टम के माध्यम से सभी वार्डों के अधिकारियों को जागरूक किया है। इसमें 200 से अधिक चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया है।

**ये रहेंगे मुख्य टारगेट**

मनपा के इस अभियान में उच्च जोखिम वाली आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, मधुमेह और एचआईवी मरीज शामिल हैं। इसमें धूम्रपान करने वाले, कुपोषित व्यक्ति, तपेदिक के संपर्क में आने वाले व्यक्ति और कैंसर रोगियों की प्रमुखता से जांच की जाएगी। ऐसे लोग जिनमें दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, रात को पसीना, सीने में दर्द, थकान, वजन कम होना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ, हाल के शारीरिक परिवर्तन, कमर में रक्तस्राव, पुरानी बीमारी जैसी 10 शिकायतें हों, उन लोगों से मनपा अस्पतालों में उपलब्ध सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की जाएगी।

# मुंबई में टैंकर ने पहले बाइक को मारी टक्कर, फिर मॉडल को कुचला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के बांद्रा इलाके में शुक्रवार रात हुए हिट एंड रन हादसे ने एक बार फिर शहर को झकझोर दिया है। शहर के बांद्रा इलाके में दर्दनाक दुर्घटना में 25 वर्षीय मॉडल शिवानी सिंह की जान चली गई, जबकि उनकी एक साथी घायल हो गई है। मॉडल बाइक से अपनी दोस्त के साथ घूमने निकली थीं उसी दौरान यह हादसा हुआ है। पुलिस टैंकर चालक को ढूंढने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड पर रात करीब 8 बजे की है, जब शिवानी और उनकी दोस्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर बांद्रा की ओर जा रहीं थीं। पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवानी वाहन से उछलकर सीधे टैंकर के पहिए के नीचे आ गईं। उन्हें गंभीर चोटें आईं, और तुरंत नजदीकी भाभा अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मॉडल शिवानी सिंह को मृत घोषित कर दिया।



## टैंकर चालक हुआ फरार

सड़क हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। बांद्रा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की पहचान होते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतक शिवानी सिंह मलाड में रहती थीं और पेशे से मॉडल थीं। हादसे ने उनके परिवार और दोस्तों को गहरे शोक में डाल दिया है।

## बढ़ रहे हिट एंड रन के मामले

मुंबई में हिट एंड रन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल के दिनों में इस तरह के कई मामले सामने आए हैं, जो शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा रहे हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे सड़क नियमों का पालन करें और दुर्घटना होने के बाद तुरंत पुलिस से संपर्क करें। इस मामले ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालन की आवश्यकता को उजागर किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महायुति की जीत से जनता में नहीं उत्साह: शरद पवार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/कोल्हापुर



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि विपक्ष को अपनी हार से निराश होने की जरूरत नहीं है। बल्कि उसे जनता के पास जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि जनता महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (BJP) नीत महायुति की जीत से उत्साहित नजर नहीं आ रही है। पवार ने कहा कि विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (MVA) यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि सरकार अपने सभी चुनाव पूर्व वादों पर अमल करे। इनमें लाडली बहन योजना के तहत महिलाओं को हर महीने वित्तीय सहायता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करना शामिल है।

## कहां और क्या बोले शरद पवार?

राजनीति में दशकों का अनुभव रखने वाले शरद पवार ने कोल्हापुर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सच है कि हम हार गए हैं। हमें इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि लोगों के पास जाना चाहिए, क्योंकि चुनाव परिणामों को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। बहुत नाराजगी है। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए हालिया चुनाव में सत्तारूढ़ बीजेपी अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना की भागीदारी वाले महायुति गठबंधन ने 230 सीट पर जीत दर्ज की थी।

### सपा का विपक्षी एकता को लेकर रुख अडिग

समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबू आजमी ने एमवीए के घटक दल शिवसेना (यूबीटी) ने एक अखबार में विज्ञापन देकर 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाने की प्रशंसा करने के मुद्दे पर गठबंधन से अलग होने की घोषणा की है। इस बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने पूरे मुद्दे को ज्यादा तवज्जो नहीं देने का प्रयास किया। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख ने कहा कि अखिलेश यादव नीत समाजवादी पार्टी (सपा) का विपक्षी एकता को लेकर अडिग रुख है।


### नेता प्रतिपक्ष पर क्या राय?

महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किये जाने से जुड़े सवाल पर शरद पवार ने कहा कि एमवीए के घटक दल इस बात पर जोर नहीं दे सकते कि उन्हें यह पद मिले, क्योंकि उनके पास आवश्यक संख्याबल नहीं है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के लिए किसी भी दल के पास कम से कम 29 विधायक होने चाहिए। शरद पवार नीत एनसीपी (एसपी), कांग्रेस या शिवसेना (यूबीटी) सहित किसी भी विपक्षी दल के पास यह संख्या नहीं है।

# चैत्यभूमि में 'ब्लैक पैंथर' पुस्तक के तीसरे संस्करण का प्रकाशन

दीपक पवार | मुंबई

महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का स्वागत करने के लिए देश के कोने-कोने से लाखों अनुयायी शुक्रवार को दादर के चैत्यभूमि में उमड़ पड़े। इस समय पुस्तकालय में हजारों अनुयायियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में श्ब्लैक पैंथरश पुस्तक के तीसरे संस्करण का विमोचन किया गया। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का अभिनंदन करने आए अनुयायी किताबें और सामग्री खरीदने के लिए शिवाजी पार्क मैदान की ओर रुख कर रहे थे। इस समय इस स्थान पर अनेक बुद्धिजीवी लेखकों के पुस्तक विमोचन समारोह हो रहे थे। विश्व लेखक और 'दलित पैंथर' संगठन के संस्थापक जे.वी.पवार ने श्रीधर पवार द्वारा लिखित पुस्तक श्ब्लैक पैंथरश के तीसरे संस्करण का चैत्यभूमि में विमोचन किया गया।




## 'आंदोलन के विकास के लिए निर्णायक होगी यह किताब'

1960 के दशक की शुरुआत में, स्थापित व्यवस्था के खिलाफ दुनिया भर में विद्रोह हुआ और परिणामस्वरूप, 15 अक्टूबर, 1966 को बॉबी सील और एच. पी. न्यूटन ने ब्लैक पैंथर नाम से क्रूरता के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका उदाहरण लेते हुए नामदेव ढसाल और जे. बनाम कवि मित्र पवार ने 29 मई 1972 को दलित पैंथर आंदोलन शुरू किया। डॉ. जे.वी. पवार ने कहा कि ब्लैक पैंथर का इतिहास मराठी लोगों को जानना चाहिए। श्रीधर पवार अपेक्षित थे। विश्व लेखक और 'दलित पैंथर' संगठन के संस्थापक जे.वी.पवार ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ.पवार द्वारा यह पुस्तक लिखना आंदोलन के विकास के लिए निर्णायक होगा। इस समय जे.वी. पवार ने आगे कहा कि डॉ. श्रीधर पवार ब्लैक लिटरेचर और ब्लैक पैंथर के गहरे विद्वान हैं और उनसे और अधिक शोध करने की उम्मीद है। यह दलित पैंथर की स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष है. ब्लैक पैंथर का इतिहास इसी साल पूरा हुआ है। इस मौके पर पवार ने उम्मीद जताई कि यह इतिहास जातिवाद के खिलाफ लड़ने वाले अंबेडकरी युवाओं को ऊर्जा देगा और वे इस किताब का स्वागत करेंगे।


**ये रहे मौजूद**

पुस्तक श्ब्लैक पैंथरश के तीसरे संस्करण के विमोचन समारोह के दौरान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार कॉमरेड सुबोध मोरे, प्रसिद्ध चित्रकार उत्तम घोष, पत्रकार विजय बंसोडे, प्रोफेसर धम्मसंगिनी, पत्रकार दीपक पवार, कवि छाया कोरेगांवकर, राज्य संयोजक जाति अंत संघर्ष समिति के कामरेड शैलेन्द्र कांबले, प्रकाशक शशिकांत पवार, पत्रकार प्रदीप जाधव, शाहिर सुरेंद्र बर्वे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और डॉ. अंबेडकर नगर के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा शीतकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए, बांद्रा टर्मिनस और डॉ. अम्बेडकर नगर के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की।



## बांद्रा टर्मिनस – डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल

ट्रेन संख्या 09301 बांद्रा टर्मिनस – डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार और रविवार को 15.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.30 बजे अंबेडकर नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09302 डॉ. अंबेडकर नगर-बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल डॉ. अंबेडकर नगर से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 21.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 दिसंबर, 2024 से 1 जनवरी, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, देवास और इंदौर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

**पश्चिम रेलवे**

**संरचनात्मक मरम्मत और विभिन्न अन्य कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008.आमंत्रित करता है **निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/24-25/227 दिनांकः 05.12.2024 कार्य और स्थानः** मुंबई सेंट्रल सीएफओ यार्ड - सीएफओ यार्ड में पुरानी सेवा भवन की संरचनात्मक मरम्मत. (2) मुंबई सेंट्रल सीएफओ यार्ड संरचनात्मक स्टील पेंटिंग और डाउन-टेक पाइप, वैली गटर ड्रेनेज लाइन की मरम्मत बीमार लाइन ए, बी और पिट-लाइन 1, 2, 3 और 4 (3) लोअर परेल - एमएम कॉलोनी में बाउंड्री वॉल और सेवा भवनों की मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागतः** 4,14,55,702.77. **ईएमडीः** 3,57,300. **जमा करने की तिथि और समयः** 31.12.2024, 15:00 बजे तक.**खोलने की तिथि और समयः** 31.12.2024 को 15:30 बजे.अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर जाएं.

0814

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# कॉमेडियन सुनील पाल किडनैपिंग केस में मुंबई में FIR दर्ज

## यूपी पुलिस को ट्रांसफर किया गया मामला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कॉमेडियन सुनील पाल (Sunil Pal) की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण और वसूली का मामला दर्ज किया। सूत्रों के मुताबिक सुनील पाल की शिकायत के आधार पर बीती रात मुंबई के सांताक्रुज पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर लिया। इसके बाद मामले को आगे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में स्थित लालकुर्ती पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया है। यह FIR 5 से 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ BNS की धारा 138, 140(2), 308(2), 308(5), 3(5) के तहत दर्ज की गई है। सुनील पाल के मुताबिक यह घटना 2 दिसंबर शाम साढ़े छह बजे से लेकर 3 दिसंबर की शाम 8 बजे के बीच की है। सुनील पाल ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि जब वह मेरठ में कॉमेडी शो करने गए थे तब उनका 5 से 6 लोगों ने अपहरण कर लिया था।



## परफॉर्म करने के लिए बुलाया, कर लिया अपहरण

अपहरण करने वालों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और इस तरह से डरा कर सुनील पाल से 8 लाख रुपये की वसूली भी की। हाल में एक इंटरव्यू में सुनील पाल ने कहा था कि उन्हें हरिद्वार में एक जन्मदिन में परफॉर्म करने के लिए कॉल आया था। यह कॉल अपहर्ताओं ने किया था। उनकी टिकट बुक की गई थी। उन्हें इवेंट के लिए कार दी गई थी लेकिन दिल्ली में बीच रास्ते कार बदल दी गई थी।

## वापसी के लिए भी बुक कर दी थी फ्लाइट

सुनील पाल ने बताया था कि कार बदले जाने पर वह डर गए थे। कार में बिठाने वालों ने 20 लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने कहा कि मैंने 10 लाख तक देने की बात की। ट्रांजैक्शन करवाया और दोस्तों के जरिए पैसे मंगवाए। उन्हें 10 लाख रुपये चाहिए थे और 8 लाख पूरे हो गए थे। पैसे लेने के बाद सुनील पाल से कहा गया कि उन्हें रिहा कर दिया जाएगा और उनके लिए फ्लाइट बुक कर दी है। एयरपोर्ट तक आंखों पर पट्टी बांधकर रखी गई थी।

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर नोटिस संख्या S/67/2024 दिनांक 04.12.2024

| अ.क्र. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 730 | सीलबंद रखरखाव मुक्त लेड एसिड बैटरी 300 AH | 20 सेट | 25/12/24 |
| 731 | लुक आउट ग्लास. | 291 नग | 27/12/24 |
| 732 | VRLA वाल्व विनियमित (सीलबंद) लेड एसिड बैटरी, 2V 300AH | 3960 नग | 30/12/24 |
| 733 | बॉल जॉइंट रोल लिंक | 13290 नग | 30/12/24 |
| 734 | स्पेयर प्लासर मेक के लिए दो साल के लिए दर अनुबंध. | 1 सेट | 31/12/24 |
| 735 | एंड फ्रेम नॉन ड्राइविंग एंड असेंबली. | 61 नग | 31/12/24 |
| 736 | एयर प्रेशर होज़ टेल 6X4 PTFE हाई रीच पैन्टोग्राफ़ के लिए | 3005 मीटर | 01/01/25 |
| 737 | सभी LHB कोच के लिए प्राइमरी वर्टिकल डैम्पर | 6309 नग | 02/01/25 |
| 738 | पेंट एल्युमीनियम. | 36320 लीट | 08/01/25 |
| 739 | एसएसडीएसी की आपूर्ति | 10 सेट | 14/01/25 |
| 740 | 70 वर्ग मिमी x 2 कोर पीवीसी एल्युमीनियम केबल | 26500 मीटर | 16/01/25 |

**विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और www.wr.indianrailways.gov.in पर जाएं**

0811

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

# विधानसभा के विशेष सत्र में लेट होने पर अजित का एकनाथ शिंदे पर तंज

मुंबई। राज्य में नई सरकार का भले ही गठन हो गया हो लेकिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार में जो जुगलबंदी पिछली सरकार में देखने को मिलती थी, वैसा इस बार देखने को नहीं मिल रहा है। शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के शुरू होने पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार अपने सहयोगी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विधान भवन में समय पर नहीं आने पर नाराज दिखे। दरअसल फडणवीस, शिंदे एवं अजित पवार को एक साथ विधान भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए जाना था, लेकिन जब शिंदे समय पर विधान भवन नहीं पहुंचे तो उन्होंने शिंदे पर तंज कसते हुए नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह हमेशा देरी से आते हैं। जिस समय यह वाकया घटा उस समय भाजपा के वरिष्ठ विधायक गिरीश महाजन भी मौजूद थे।



## एक सप्ताह में दूसरी बार एकनाथ शिंदे पर तंज

एक ही सप्ताह के अंदर यह दूसरा मौका है जब अजित पवार ने एकनाथ शिंदे पर तंज कसा हो। इससे पहले महायुति के तीनों नेताओं फडणवीस, शिंदे और अजित पवार ने नई सरकार के गठन के लिए दावा पेश किया था और इसके बाद राजभवन में प्रेस कांफ्रेंस की थी तो अजित ने शिंदे पर तंज कसते हुए कहा था कि भले ही शिंदे के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने को लेकर तस्वीर साफ नहीं हुई हो लेकिन मैं तो डीसीएम पद की शपथ लेने जा रहा हूं। जिस पर शिंदे ने पलटवार करते हुए यह कहा था कि आपको (अजित) सुबह और शाम दोनों समय शपथ लेने की आदत हो गई है।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई -400 008.

**कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना.**

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-55 | 23.12.2024, 15:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CYR-OSN-369-24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | चर्नी रोड स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की दीवार और डिवाइडर की बाड़ पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार. | 1095 | 23.12.2024, 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार. | 1095 | 23.12.2024, 15:40:00 |

**नोटः** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं।

0816

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

## संपादकीय

# अरावली की बलि

उस खबर ने हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित किया है कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थतिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत शृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत शृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था। स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था। निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत शृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण करके अरावली परियोजना को संबल दे रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर कती है कि हम अवैध खनन और अतिक्रमण रोकने के लिये संरक्षण कानूनों को कितनी सख्ती से लागू करते हैं। जिसमें भूमि संरक्षण अधिनियम जैसे कानूनी सुरक्षा उपायों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही सदियों में विकसित हुए पारिस्थितिकीय खजाने की रक्षा के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों को तमाम मतभेदों व कृत्रिम विभाजन को दरकिनार करके आगे आना होगा। निस्संदेह, ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट दशकों से प्राकृतिक संसाधनों की लूट से हुए विनाश की क्षतिपूर्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिसमें सरकारी, निजी स्तर और सामुदायिक भागीदारी से इन प्राचीन पहाड़ियों को पुनर्जीवित करने की आशा जगती है।

## शख्सियत | गीता गोपीनाथ

# एक प्रेरणादायक अर्थशास्त्री



गीता गोपीनाथ विश्व प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं, जो अपने बौद्धिक योगदान और प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए जानी जाती हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभा चुकी हैं।

गीता का जन्म 8 दिसंबर 1971 को भारत के कर्नाटक राज्य में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भारत में पूरी की और उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उनकी शिक्षा का सफर यहीं नहीं रुका; उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और वाशिंगटन विश्वविद्यालय से मास्टर की डिग्री प्राप्त की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की।

गीता गोपीनाथ का अनुसंधान अंतरराष्ट्रीय वित्त और व्यापार के क्षेत्रों में उल्लेखनीय रहा है। उनके कार्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रा नीतियां और व्यापार असंतुलन जैसे विषय शामिल हैं। आईएमएफ में अपनी भूमिका के दौरान उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों ने कमजोर अर्थव्यवस्थाओं को सहारा देने और वित्तीय नीतियों में सुधार करने में मदद की।


गीता को कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया है, जिनमें फोर्ब्स की 'विश्व की सबसे प्रभावशाली महिलाओं' की सूची में स्थान प्राप्त करना शामिल है। उन्हें 2019 में अमेरिकन एकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज का फेलो भी चुना गया। गीता गोपीनाथ न केवल एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री हैं, बल्कि महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। उन्होंने अपने ज्ञान और मेहनत के बल पर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। वर्तमान में, वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और अपनी विशेषज्ञता से दुनिया भर के आर्थिक मामलों में योगदान दे रही हैं।

# रोगी की जांच-उपचार में कारगर एआई

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एक डिजिटल कंप्यूटर या रोबोट की वह क्षमता है जो आम तौर पर मनुष्यों के क्रियाकलाप से जुड़ी है, जैसे कि तर्क करना, सामान्यीकरण करने या पिछले अनुभव से सीखने की क्षमता। एआई विशाल मात्रा में डेटा को खंगालकर एल्गोरिदम लक्षणों की पहचान कर सकता है और अभूतपूर्व सटीकता और गति के साथ चिकित्सा परिणामों की भविष्यवाणी कर सकता है।

यह चिकित्सकों की इलाज दक्षता को बेहतर बनाने और दुनिया में अत्यधिक दबाव के तले काम कर रही स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में रोगी को मिलने वाले परिणामों में सुधार कर पाएगा। विश्व आर्थिक मंच की डिजिटल हेल्थकेयर परिवर्तन पहल ने हाल ही में स्वास्थ्य सेवा को दरपेश तीन सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियां – पुरानी बीमारियों का बढ़ता बोझ, दुनिया भर में रोगी के ठीक होने की असमान दर और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच एवं संसाधन की कमी से निपटने के संभावित तरीकों में एआई को बतौर एक विधा मान्यता दी है। इसके एक बार आकार लेने के बाद, भारत सरकार का राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन इस पहल के साथ जुड़ जाएगा। स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग औद्योगिक एआई से उपजा है, जिसकी उत्पत्ति 1950 के दशक में हुई थी। जॉन मैकार्थी ने 1956 में डार्टमाउथ सम्मेलन में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शब्द गढ़ा था। वर्ष 1970 के दशक में पहला आर्टिफिशियल मेडिकल कंसल्टेंट इंटरनिस्ट-1 बनने के साथ, एआई काबिलियत वाला सर्वप्रथम चिकित्सा परामर्शदाता नमूना पेश किया गया था। इसने रोगियों के लक्षणों के आधार पर, सर्च एलोरिदम का उपयोग करके क्लिनिकल जांच का निष्कर्ष सुझाया। एआई का आधुनिक युग 2000 के दशक की शुरुआत में वॉयस रिकॉग्निशन फीचर के निर्माण के साथ शुरू हुआ, इसके बाद आईबीएम ने वॉटसन नामक एक प्रश्न-उत्तर प्रणाली और फिर 2020 में जीपीटी मॉडल लॉन्च किए। कंप्यूटिंग शक्ति में गुणात्मक सुधार, तेज़ डेटा संग्रहण एवं डेटा प्रोसेसिंग, जीनोमिक सिक्वेंसिंग डेटाबेस का विकास और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) सिस्टम के व्यापक इस्तेमाल होने ने स्वास्थ्य सेवा में एआईके विकास में योगदान दिया।

वर्तमान में, एआई में मशीन-लर्निंग, डीप-लर्निंग, नेचुरल लैंग्युएज प्रोसेस और कंप्यूटर विज़न जैसी तकनीक और लार्ज लैंग्युएज मॉडल (एलएलएम) जैसे एल्गोरिदम शामिल हैं जो नए कंटेंट को समझने, सारांश देने, नया कंटेंट बनाने और भविष्यवाणी करने के लिए विशाल डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं। एआई का व्यापक रूप से परीक्षण किया गया है। एक्स-रे और फोटोग्राफी जैसी चिकित्सा इमेजिंग में इसके उपयोग की काफी संभावना और इसने मधुमेह रेटिनोपैथी, त्वचा कैंसर और फेफड़ों के तपेदिक जैसे लक्षणों की शिनाख्त करने में काफी बढ़िया कर दिखाया है। अल्ज़ाइमर रोग की भविष्यवाणी और निदान करने में सक्षम



मशीन मॉडल पेश किया गया है। कैंसर की पहचान, जोखिम स्तर कब बनेगा, दवा की खोज करने और मॉलीकुलर कैरेक्टराइज़ेशन के लिए एआई उपयोगिता पर काम चल रहा है। व्यावसायिक रूप से उपलब्ध एंडोस्कोप के उपयोग करते हुए एकीकृत प्रणाली में एआई बायोप्सी सैंपल लेने के लिए सबसे संभावित संदिग्ध बिंदु सुझा सकता है, यहां तक कि इसके कैंसर होने की संभावना के बारे में भी अनुमान दे सकती है। एआई का उपयोग रोगी की हालत के हिसाब से या सटीकता के साथ दवा बताने के लिए किया जा सकता है, यह समय-दक्ष विश्लेषण का उपयोग करते हुए प्रत्येक रोगी के लिए सटीक रूप से भविष्यवाणी कर सकता है, उसकी आनुवंशिकी, मॉलिक्यूरल और ट्यूमर-आधारित प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर कौन-सी उपचार विधि सबसे उपयुक्त रहेगी, यह सुझा सकता है। टेलीमेडिसिन

**राकेश कोचर**

का उपयोग करके दूर-दराज इलाकों के मरीजों की ईसीजी रिपोर्ट, एक्स-रे या स्कैन का ऑनलाइन विश्लेषण करने के बाद इलाज संबंधी परामर्श दिया जाता है। एआई एल्गोरिदम मस्तिष्क आघात, इंट्राक्रैनील हैमरेज और पल्मनरी एम्बॉलिस्म जैसे लक्षणों की पहचान में उपयोगी सिद्ध हो रहा है। शरीर पर धारण किए जाने वाले उपकरण, स्मार्टफोन और इंटरनेट-आधारित तकनीकों का उपयोग रोगियों के हृदय संबंधी डेटा की निगरानी के लिए किया जा सकता है, जिससे हृदय संबंधी खतरे का समय रहते पता लगाने में मदद मिल सकती है। वर्चुअल असिस्टेंट और वर्चुअल रियलिटी के उपयोग के साथ शिक्षण और प्रशिक्षण में एआई की भूमिका बढ़ रही है। रोग पहचान हेतु परीक्षण, दवा खोज और दवा-दवा के बीच सामंजस्यपूर्ण या फिर प्रतिकूल प्रभावों की भविष्यवाणी करने में एआई का उपयोग पहले से हो रहा है। एआई के कुछ आगामी अनुप्रयोगों में, गूगल की स्वास्थ्य एलएलएम सुविधा शामिल है, जो उपयोगकर्ताओं को उनकी नींद की अवधि, व्यायाम की तीव्रता और हृदय गति की परिवर्तनशीलता आदि के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श संदेश देगा। अन्य विकास खोज क्रम में, आईबीएम का वाटसन ऑनकोलॉजी, गूगल का डीपमाइंड प्लेटफ़ॉर्म और माइक्रोसॉफ्ट का हैनोवर प्रोजेक्ट शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका में मेडसोल एआई सॉल्यूशंस नामक एक कंपनी ने स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए एक अत्याधुनिक, वाई-फाई-सक्षम अल्ट्रासाउंड जांच विकसित की है।

हालांकि, भारत इस विषय में दुनिया के साथ कदमताल बनाने में धीमा है। फिर भी पीजीआईएमईआर-चंडीगढ़, एम्स-नई दिल्ली, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी-हैदराबाद और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल-मुंबई जैसे प्रमुख अस्पतालों ने भारत-केंद्रित शोध शुरू किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है।

पूरे देश में डिजिटल रिकॉर्ड रखने की शुरुआत और अपडेट रखना एक बहुत बड़ा काम है, जिसके लिए बहुत बड़े निवेश की आवश्यकता है। भारत में, दूरदराज के इलाकों में टेलीमेडिसिन प्रदान करने के अलावा एआई के उपयोग का मुख्य फोकस बीमारियों की रोकथाम, जांच और निगरानी पर हो।

## जीवन मंत्र

ओशो

# सरल ध्यान की विधियां

> इस बात का बोध होना चाहिए कि मैं चल रहा हूं, मेरे पैर उठ रहे हैं और मैं मार्ग पर आगे बढ़ रहा हूं- एक भीतरी बोध, एक स्मरण, एक ख्याल, इसकी एक 'रिमेंबरिंग' होनी चाहिए।

जागरूकता क्या है? इसे बिना जागरूकता के प्रयोग किए ठीक-ठीक नहीं जाना जा सकता। आप थोडे. से प्रयोग करेंगे, तो जरूर आप जान सकेंगे। छोटे-छोटे प्रयोग हैं, कोई हिमालय पर जाना नहीं है। आप जब रास्ते पर चलते हैं, तो होशपूर्वक चलें। इस बात का ध्यान रखकर चलें कि मैं चल रहा हूं। इस बात का बोध रखकर चलें कि मुझे चलने का ख्याल है, या मैं बस चले जा रहा हूं और मुझे पता ही नहीं है कि मैं चल रहा हूं। इस बात का बोध होना चाहिए कि मैं चल रहा हूं, मेरे पैर उठ रहे हैं और मैं मार्ग पर आगे बढ़ रहा हूं- एक भीतरी बोध, एक स्मरण, एक ख्याल, इसकी एक 'रिमेंबरिंग' होनी चाहिए। आप अपने हर कदम को देखते हुए चल सकते हो। इससे आपको वे सभी लाभ तो मिलेंगे ही, जो चलने के व्यायाम के रूप में मिल सकता है, साथ ही इससे आपको एक बड़े सरल ध्यान का लाभ भी मिलेगा। इसी तरह, अपने स्नान को भी आप एक प्रार्थना बन जाने दें। आप रोज स्नान करते हैं, लेकिन आप व्यर्थ कर लेते हैं। मैं जैसा कहता हूं, ऐसा स्नान करके देखें। फव्वारे के नीचे खड़े हो जाएं, सारे विचार छोड़ दें, दुनिया को पूरी तरह भूल जाएं। जो



उपासना स्थलों में नहीं हो सकता, वह आपके स्नानागार में हो सकता है। लेकिन सिर्फ पानी के स्पर्श को, जो आपके सिर पर गिर रहा है और शरीर पर जिसकी धाराएं बही जा रही हैं, उसके सिर्फ स्पर्श का पीछा करें। पूरे शरीर से उसके स्पर्श को पिएं। रोम-रोम से पानी की ताजगी को अपने भीतर जाने दें। आप पचहत्तर प्रतिशत पानी हैं, यानी आपका शरीर। तो जब पानी आपको बाहर से स्पर्श करता है, अगर आपका पूरा शरीर संवेदनशील हो, तो भीतर का पानी भी आंदोलित होने लगेगा और तब आपका स्नान एक प्रार्थनापूर्ण कृत्य हो जाएगा। अपनी दिनचर्या की हरेक गतिविधि का आनंद उठाएं। क्षण-क्षण जिएं। कोशिश करें कि जो कुछ भी आप कर रहे हैं, उसे जितनी समग्रता से कर सकते हैं, करें। उसे प्रेम से करें और उसका आनंद लें। हो सकता है कि यह मूर्खतापूर्ण लगे। यदि आप चाय पी रहे हैं, तो उसमें इतना आनंद लेना मूर्खतापूर्ण लगता है कि साधारण-सी तो चाय है।

लेकिन मत भूलें, साधारण-सी चाय भी असाधारण रूप से सौंदर्यपूर्ण हो सकती है। यदि हम उसका आनंद ले सके, तो वह एक गहन अनुभूति बन सकती है। गहन समादर से उसका आनंद लें। उसे एक ध्यान बनाएं। चाय बनाना... केतली की आवाज सुनना, फिर प्याली में चाय उडेलना... उसकी सुगंध लेना; चाय का स्वाद लेना और ताजगी अनुभव करना। इस तरह चाय का आनंद लेंगे, तो धन्यवाद से भर जाएंगे!


## जीवन ऊर्जा

जीन सिबेलियसः जन्म 8 दिसंबर, 1865 | जन्म

# कठिनाई रचनात्मकता के रत्न को चमकाती है

> जीन सिबेलियस, जिनका जन्म 8 दिसंबर, 1865 को हुआ था और जिनकी मृत्यु 20 सितंबर, 1957 को हुई, एक फिनिश संगीतकार थे जो अपनी सिम्फनी और टोन कविताओं के लिए प्रसिद्ध थे जो फिनिश संस्कृति और राष्ट्रवाद का जश्न मनाते थे। फ़िनलैंडिया और करेलिया सूट सहित उनके कार्यों ने उनकी विरासत को रोमांटिक युग के सबसे महान संगीतकारों में से एक के रूप में मजबूत किया।

संगीत जीवन का सार है; इसे अपनी आत्मा का मार्गदर्शन करने दें। सच्ची कला नियमों से नहीं बल्कि जुनून से पैदा होती है। स्वरों के बीच की खामोशी उतनी ही शक्तिशाली होती है जितनी कि स्वर स्वयं। महानता अद्वितीय होने की हिम्मत में निहित है। विपत्ति के माध्यम से, जीवन की धुन मजबूत होती जाती है। प्रेरणा हर जगह है; आपको बस सुनना है। एक रचनात्मक हृदय कभी दूसरों के निर्णय से नहीं डरता। प्रकृति अपना संगीत बोलती है; इसे सुनने के लिए अपना दिल खोलो। सादगी कला में परम परिष्कार है। प्रत्येक सिम्फनी एक एकल, हार्दिक विचार से शुरू होती है। कठिनाई रचनात्मकता के रत्न को चमकाती है। क्षितिज हमेशा



प्रेरित करता है, भले ही वह पहुंच से बाहर लगे। अपने जुनून को संदेह के शोर में डूबने दें। अपनी आवाज खोजने के लिए, पहले अपनी खामोशी को अपनाएँ। प्रामाणिकता कला को अमरता में बदल देती है। आपके संघर्ष आपके जीवन का सबसे शक्तिशाली संगीत बनाते हैं। साहस कुछ कालातीत बनाने की कुंजी है। हर नोट का एक उद्देश्य होता है, ठीक वैसे ही जैसे जीवन के हर पल का होता है। नकल मत करो; इसके बजाय, अपनी आत्मा को नया करने दो। प्रकृति की सुंदरता अब तक लिखी गई सबसे सच्ची सिम्फनी है। सपने वास्तविकता की प्रस्तावना हैं; उन पर काम करो। कला सीमाओं को पार करती है, सभी को अपने आलिंगन में एकजुट करती है। अपूर्णताओं का जश्न मनाएं - वे उत्कृष्ट कृति का निर्माण करती हैं। प्रत्येक सूर्योदय एक सिम्फनी है जिसे लिखे जाने का इंतज़ार है। सिम्फनी के चरमोत्कर्ष के समान तीव्रता के साथ जिएँ।

## सक्सेस मंत्र

# अपने सपनों को कुचलने का मौका किसी को भी न दें

एक बार छोटे-छोटे मेढकों के एक समूह ने दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की। उनका लक्ष्य एक बहुत ऊंचे टावर के टॉप पर पहुंचना था। दौड़ प्रतियोगिता को देखने के लिए काफी भीड़ जुट गई। दौड़ प्रतियोगिता शुरू हुई। वास्तव में, भीड़ में मौजूद कोई भी यह विश्वास नहीं कर रहा था कि छोटे मेढक टावर के टॉप तक पहुंच पाएंगे। भीड़ में मौजूद लोग अजीबोगरीब बाते करने लगे। कोई कह रहा था कि रास्ता बहुत ही कठिन है। तो किसी ने कहा- इनमें से कोई भी टॉप पर नहीं पहुंच पाएगा। यह टावर बहुत ऊंचा है। ये सफल हो जाएं, इसकी कोई उम्मीद ही नहीं है।

ऐसी बातें सुनकर छोटे-छोटे मेढक बारी-बारी से हिम्मत हारने लगे। सिर्फ वही मेढक बचे, जिनके अंदर अभी जोश और उम्मीद थी। वह तेजी से ऊपर चढ़ते जा रहे थे। भीड़ का बोलना लगातार जारी था कि बहुत कठिन है ऊपर तक पहुंचना। कितने मेढ़क थककर गिर गए हैं। यह बातें सुनकर अन्य मेढक भी हार मानने लगे। लेकिन उन्हीं में से एक मेढक लगातार ऊंचाई पर चढ़ता जा रहा था। भीड़ की बातें उस पर बेअसर थी। आखिर तक उसने हार नहीं मानी।

अंत में सारे मेढक भीड़ की बातें सुनकर हार मानकर बैठ गए, लेकिन वह मेढ़क आगे बढ़ता गया और आखिर में वह टावर के टॉप पर पहुंच गया। ऐसे में थककर बैठे बाकी नन्हें मेढक यह जानना चाह रहे थे कि इस अकेले के लिए यह कैसे संभव हुआ? एक प्रतिभागी ने उस छोटे मेढक से पूछा कि लक्ष्य तक पहुंचने की ताकत तुम्हें कहां से मिली? तब पता चला कि वह विजेता मेढक दरअसल बधिर (बहरा) था।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# स्वाभिमान किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत पहलू है

धार्मिक मान्यता के अनुसार, लोग शुक्ल पक्ष को आशाजनक और कृष्ण पक्ष को प्रतिकूल मानते हैं। यह विचार चंद्रमा की जीवन शक्तज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्ल पक्ष की दशमी से लेकर कृष्ण पक्ष की पंचम तिथि तक की अवधि ज्योतिषीय दृष्टि से शुभ मानी जाती है। इस समय के दौरान चंद्रमा की ऊर्जा अधिकतम या लगभग अधिकतम होती है - जिसे ज्योतिष में शुभ और अशुभ समय तय करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। स्वाभिमान किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत पहलू है,जो स्वयं के लिये स्वयं से अथवा अन्य व्यक्तियों के व्यवहार या आचरण से अपेक्षित रहता है, जबकि अहंकार किसी व्यक्ति का अन्य लोगों के प्रति ऐसा आचरण है,जिसमे स्वयं के गुणगान की तुलना में अन्य लोगों के अपमान का भाव अधिक परिलक्षित होता है, जिसमें अहंकार होता है वह अपने बल, बुद्धि, राज्य, भाषा, संस्कृति और अपनी प्रत्येक चीजो पर 'घमंड' करता है, उन्हें 'श्रेष्ठतम' समझता है और अन्यों की तुच्छ या हीन! इस कारण वह आक्रान्ता (आक्रामक)



हो जाता है। वह दूसरों पर विचारों या अस्त्रशस्त्र से हमला करता रहता है, अपना वर्चस्व स्थापित करने की चेष्टा करता है। इस क्रम में वह धर्म (सत्य एवं न्याय) की भी अवहेलना करता है। जिसमें स्वाभिमान होता है, वह अपने बल, बुद्धि, राज्य, भाषा, संस्कृति और अपनी प्रत्येक चीज पर ्गर्वर् करता है, उन्हें 'श्रेष्ठ' समझता है (लेकिन श्रेष्ठतम नहीं) और अन्यों की भी इन्हीं चीजों का सम्मान करता है। वह दूसरों से भी कुछ-कुछ सीखकर व सहयोग लेकर अपने से जुड़ी हर चीज को और बेहतर बनाने की सतत चेष्टा करता रहता है। वह आक्रान्ता नहीं होता, परन्तु अपने पर किये आक्रमण को सहन भी नहीं करता, समुचित प्रत्युत्तर अवश्य देता है, प्रत्येक दशा में वह धर्म (सत्य एवं न्याय) का पक्ष लेता है। तीसरे प्रकार के वो होते हैं जो बिना प्रतिरोध किये अधर्मी अहंकारी आतताई के समक्ष घुटने टेक देते हैं, या जान कर भी अनजान बने रहते हैं, वे कायर और नपुंसक होते हैं !

मनुष्यों के स्वभावों के अनुसार ही उनकी अपनी श्रद्धा होती है। मनुष्यों का स्वभाव उन्हें मिले संस्कारों के अनुसार ही होता है और मनुष्यों के स्वभावों के अनुसार ही उनकी अपनी श्रद्धा होती है ।यह श्रद्धा भी सात्त्विकी और राजसी तथा तामसी - ऐसे तीनों प्रकारकी होती है ।यह पुरुष श्रद्धामय है, इसलिए जो पुरुष जैसी श्रद्धावाला है, वह स्वयं भी वही है। अर्थात जो पुरुष जैसी श्रद्धावाला होता है, वह अपनी श्रद्धा अनुसार उपासना अर्थात् पूजन आदि करता है ।अर्थात् सात्त्विक पुरुष देवोंको पूजते हैं, राजस पुरुष यक्ष और राक्षसोंको तथा अन्य जो तामस मनुष्य हैं, वे प्रेत और भूतगणोंको पूजते हैं।

जो पुरुष सात्त्विकी, राजसी तथा तामसी -जैसी भी उपासना अर्थात् पूजन आदि करता है, उसी उपासना के अनुसार ही विभिन्न प्रकारकी योनियों को प्राप्त करता है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भी यही बात पञ्चम स्कन्ध के अ०-२६वें श्लोक नं०-२ में राजा परीक्षित के प्रश्नका उत्तर देते हुए श्रीशुकदेवजी भी कहते हैं - त्रिगुणत्वात्कर्तुः श्रद्धया कर्मगतयः पृथग्विधाः सर्वा एव सर्वस्य तारतम्येन भवन्ति।।

राजन्! कर्म करनेवाले पुरुष सात्त्विक, राजस और तामस - तीन प्रकारके होते हैं तथा उनकी श्रद्धाओंमें भी भेद रहता है। इस प्रकार स्वभाव और श्रद्धाके भेदसे उनके कर्मोंकी गतियाँ भी भिन्न-भिन्न होती हैं और न्यूनाधिकरूपमें ये सभी गतियाँ सभी कर्ताओं को प्राप्त होती हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



थेक्कडी से कुछ पास ही स्थित वागमोन और कुमिली जैसे स्थान भी देखे जा सकते हैं। वागमोन की हरी-भरी पहाड़ियों और शांत वातावरण में समय बिताना बेहद सुखद अनुभव होता है। कुमिली में आप मसाले की खरीददारी कर सकते हैं और स्थानीय हस्तशिल्प का भी आनंद ले सकते हैं।

# थेक्कडी का अविस्मरणीय अनुभव

थेक्कडी, केरल राज्य के इडुक्की जिले में स्थित एक अद्भुत पर्यटन स्थल है। यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडी जलवायु, और समृद्ध वन्यजीव संपदा के लिए प्रसिद्ध है। थेक्कडी को विशेष रूप से बाघ अभयारण्य और आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जाता है। अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और जंगलों की शांति और जानवरों की दुनिया में खो जाना चाहते हैं, तो थेक्कडी एक आदर्श यात्रा स्थल है।

## 1. यात्रा की शुरुआत

थेक्कडी की यात्रा की शुरुआत आप कोच्चि या कुम्बलंगी से कर सकते हैं। कोच्चि से थेक्कडी लगभग 150 किमी दूर है और यह सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। रास्ते में आपको घने जंगल, हरे-भरे खेत और खूबसूरत पहाड़ियां देखने को मिलती हैं। थेक्कडी पहुंचने के बाद आपको यहां की ठंडी हवा और शांति का अहसास होता है, जो आपको थकान और तनाव से मुक्त कर देती है।

## 2. परिपूर्ण बाघ अभयारण्य

थेक्कडी का सबसे प्रमुख आकर्षण परिपूर्ण बाघ अभयारण्य है, जो पर्यटकों को जंगली जीवन का अनुभव कराता है। यह अभयारण्य 777 वर्ग किमी में फैला हुआ है और यहां बाघों के अलावा हाथी, तेंदुआ, बंदर, और अनेक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। पर्यटक यहां की जंगल सफारी का आनंद ले सकते हैं, जहां आप न सिर्फ जंगली जानवरों को करीब से देख सकते हैं, बल्कि जंगल की अद्भुत खूबसूरती भी महसूस कर सकते हैं।



साथ ही, आपको यहां ट्रैकिंग और रैपलिंग जैसे एडवेंचर एक्टिविटी का भी मौका मिलता है, जो आपकी यात्रा को और भी रोमांचक बना देती हैं।

## 3. पेरियार झील का दृश्य

थेक्कडी का एक और आकर्षण है पेरियार झील। यह झील पेरियार वन्यजीव अभयारण्य के बीच स्थित है और यहां बोटिंग का आनंद लिया जा सकता है। झील में बोट राइड करते हुए आप पक्षियों और जंगली जानवरों को जलाशय के आसपास घूमते देख सकते हैं। यहां से आपको एक अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है - पहाड़ों की हरी-भरी ढलान और दूर-दूर तक फैला हुआ नीला पानी। यह अनुभव आपको शांति और संतुलन का अहसास कराता है।

## 4. मसाले के बागान और ट्रैकिंग

थेक्कडी के जंगलों में मसाले के बागान भी हैं, जो एक खास आकर्षण हैं। यहां के बागानों में लौंग, इलायची, काली मिर्च और दारचीनी जैसी मसालों की खेती होती है। अगर आप मसालों के बारे में जानने के इच्छुक हैं, तो आप इन बागानों की सैर कर सकते हैं। आप यहां मसालों की खेती, उसके उपयोग और स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। थेक्कडी में ट्रैकिंग का भी एक अलग ही अनुभव है। यहां के घने जंगल और पहाड़ी रास्ते ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए परफेक्ट हैं। आप यहां के जंगलों में एक अद्वितीय ट्रैकिंग अनुभव का हिस्सा बन सकते हैं। यहां की यात्रा आपको अलग ही अनुभव कराएगी।

## 5. आदिवासी संस्कृति और कारीगरी

थेक्कडी में आपको स्थानीय आदिवासी गांवों का भी दौरा करने का अवसर मिलता है। यहां के आदिवासी लोग अपनी पारंपरिक संस्कृति और जीवनशैली को बड़े गर्व से संजोए रखते हैं। आप यहां के आदिवासी गांवों में जाकर उनकी कला, संगीत, नृत्य और शिल्प कला का आनंद ले सकते हैं। यह एक अद्भुत सांस्कृतिक अनुभव है, जो आपकी यात्रा को और भी खास बना देता है।

## 6. आसपास के स्थल

थेक्कडी से कुछ पास ही स्थित वागमोन और कुमिली जैसे स्थान भी देखे जा सकते हैं। वागमोन की हरी-भरी पहाड़ियों और शांत वातावरण में समय बिताना बेहद सुखद अनुभव होता है। कुमिली में आप मसाले की खरीददारी कर सकते हैं और स्थानीय हस्तशिल्प का भी आनंद ले सकते हैं।

## 7. रुकने की सही जगह

थेक्कडी यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है। इस दौरान यहां का मौसम ठंडा और सुखद रहता है। अगर आप प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव करना चाहते हैं तो यह समय सबसे उपयुक्त है। थेक्कडी में रुकने के लिए कई रिसॉर्ट्स और होमस्टे उपलब्ध हैं, जहां आप आराम से ठहर सकते हैं। ये जगहें आपको स्थानीय संस्कृति का अनुभव भी देती हैं और आपको आरामदायक सुविधाएं प्रदान करती हैं।

# गाड़ी में नींद आने का वैज्ञानिक कारण



क्या आपने कभी महसूस किया है कि गाड़ी में बैठते ही आपकी आंखें धीरे-धीरे बंद होने लगती हैं? यह कोई जादू नहीं, बल्कि शरीर और दिमाग का एक मजेदार खेल है! गाड़ी की गति, सड़कों के हल्के झटके, और आरामदायक माहौल हमारी नींद को आमंत्रित कर लेते हैं। यह ऐसा होता है जैसे हमारी शरीर की घड़ी अचानक नींद का समय सेट कर देती है। तो अगली बार जब आप गाड़ी में यात्रा करें और नींद आ जाए, तो समझ जाइए कि आपका शरीर आराम करने के लिए तैयार है, और रास्ते की हलचल आपके लिए एक लोरी का काम कर रही है!

हलचल और रोड के झटके हमें झपकी लेने के लिए प्रेरित करते हैं। इसका कारण यह है कि जब हम यात्रा करते हैं तो हमारे दिमाग का ध्यान केवल मार्ग पर होता है, जिससे बाकी सारी चिंताएँ और तनाव कम हो जाते हैं और शरीर को आराम की स्थिति मिलती है।

## आवाज़ और गति का प्रभाव

गाड़ी की गति और उसमें चलने वाली आवाज़ भी नींद लाने का कारण बन सकती है। गाड़ी के इंजन की आवाज और सड़क पर हल्की-हल्की कंपन अक्सर नींद को बढ़ावा देती हैं। ये आवाज़ें और हलचलें मस्तिष्क को शांत करती हैं, जैसे बच्चे को लोरी सुनाना। इसकी वजह से शरीर को आराम मिलता है और नींद का अहसास होता है।



## आरामदायक वातावरण

गाड़ी के अंदर का वातावरण भी नींद लाने में सहायक हो सकता है। एयर कंडीशनर या गाड़ी की ठंडी हवा, आरामदायक सीटें, और शांत वातावरण मिलकर एक आरामदायक माहौल बना देते हैं, जो नींद के लिए उपयुक्त होता है। इसके अलावा, अगर आप गाड़ी में यात्रा करते हुए थक जाते हैं तो नींद आना स्वाभाविक है।

## शारीरिक कारण

गाड़ी में बैठते समय हम एक ही स्थिति में लंबे समय तक रहते हैं, जो शरीर को आराम देने का कारण बन सकता है। जब हम एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं, तो शरीर की मांसपेशियां आराम करती हैं और इससे नींद का अहसास हो सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक गाड़ी चलाने से थकान भी होती है, जो नींद को प्रेरित कर सकती है। गाड़ी की नर्म सीटें और शांति भी हमें आराम की स्थिति में डाल सकती हैं, जिससे नींद का अनुभव होता है।

## मनोवैज्ञानिक कारण

गाड़ी चलाते समय या यात्रा करते वक्त, हमारी मानसिक स्थिति भी प्रभाव डालती है। गाड़ी की

## प्राकृतिक लय

मनुष्य का शरीर एक प्राकृतिक लय में काम करता है, और जब हम एक नियमित समय पर यात्रा करते हैं, तो हमारे शरीर की घड़ी उसी समय नींद के लिए तैयार हो जाती है। इस लय के कारण, यात्रा के दौरान शरीर को नींद की जरूरत महसूस होती है, खासकर जब यह यात्रा हमारे सामान्य सोने के समय के पास होती है।

# केसरिया मसाला चाय से करें दिन की शुरुआत



केसरिया मसाला चाय एक स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक पेय है, जो सर्दियों में खासकर आराम और ताजगी प्रदान करता है। इसमें केसर, मसाले और चायपत्तियां मिलकर एक बेहतरीन स्वाद का निर्माण करते हैं। तो चलिए, जानते हैं केसरिया मसाला चाय बनाने की आसान विधिः

### सामग्री

पानी – 1 कप, दूध – 1 कप, चायपत्तियां – 1 चम्मच, दालचीनी – 1 इंच का टुकड़ा, इलायची – 2-3, अदरक – 1 इंच का टुकड़ा, लौंग – 2, केसर – 5-6 धागे, चीनी – स्वादानुसार, लौंग – 2

### विधि

**1.पानी में मसाले डालें:** सबसे पहले, एक पैन में 1 कप पानी डालकर उसमें दारचीनी, इलायची, अदरक और लौंग डालें। इन मसालों को उबालने के लिए 2-3 मिनट तक उबालें, ताकि मसाले अपना स्वाद पानी में छोड़ दें।

**2.चायपत्तियां डालें:** अब, उबालते हुए पानी में चायपत्तियां डालें और 1-2 मिनट तक उबालने दें।

**3.दूध और चीनी डालें:** अब इसमें 1 कप दूध डालें और उबालने दें। दूध उबालने पर उसमें स्वाद अनुसार चीनी डालें।

**4.केसर डालें:** जब चाय उबाल जाए, तब उसमें 5-6 केसर के धागे डालें। केसर को चाय में डालकर 1-2 मिनट और उबालें, ताकि केसर का स्वाद और रंग पूरी चाय में समा जाए।

**5.चाय छान लें:** अब इस मसालेदार चाय को छान लें और कप में सर्व करें।

### सर्विंग टिप्स

चाय को गर्म सर्व करें। आप चाहें तो चाय में कुछ ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकते हैं, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा। केसरिया मसाला चाय सर्दी के मौसम में विशेष रूप से स्वादिष्ट लगती है। चाय का स्वाद और सुगंध आपको सर्दियों में गर्माहट और ताजगी का अहसास कराएगी।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। व्यावसायिक समस्या का हल निकलेगा। नई योजना में लाभ की संभावना है। घर में मांगलिक आयोजन हो सकते हैं। जीवनसाथी से संबंध घनिष्ठ होंगे।

**वृष:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी की आलोचना न करें।

**मिथुन:** गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**कर्क:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धनलाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग हैं। वाणी पर संयम आवश्यक है। जीवनसाथी से मदद मिलेगी। सामाजिक यश-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह:** परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है। आर्थिक सुदृढ़ता रहेगी। धनार्जन होगा। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बेचैनी दूर होगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**कन्या:** नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में भावनात्मक समस्याएँ रह सकती हैं। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें।

**तुला:** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**वृश्चिक:** लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण मानसिक कष्ट रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे।

**धनु:** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक लाभ मिलने से एक्स्ट्रा खर्च उठा पाएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**मकर:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। नई कार्ययोजना के योग प्रबल हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**कुंभ:** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कानूनी मामले सुधरेंगे। धन का प्रबंध करने में कठिनाई आ सकती है। आहार की अनियमितता से बचें। व्यापार, नौकरी में उन्नति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रखें।

**मीन:** व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें।

# ग्रह और न्याय



आमतौर पर शनि ग्रह को न्याय करने वाला ग्रह कहा गया है या उनको न्यायाधीश की संज्ञा दी गई है
पर सवाल यह है कि ऐसे कौन से ग्रह हैं जो न्याय नहीं करते नवग्रह में कौन से ग्रह है जो अन्याय करते हैं ।
यह सवाल ऐसे समझा जाए नवग्रह में सबसे ज्यादा प्रताड़ना या फिर अन्याय शनि ही करते हैं , अगर कोई जातक परेशान है किन्ही कर्म से तो उसकी कुंडली में देखा जाए तो सबसे ज्यादा जिम्मेदार शनि ग्रह होता है।
कहा भी जाता है की सबसे प्रथम मार्केश में शनि को स्थान प्राप्त है, शनि की साढेसाती, ढैया, सुख चैन छीन लेती है।
जीवन में भूचाल ला देती है, तमाम प्रकार के विवाद, बंटवारा ,संपत्ति विवाद का कारक शनि है।
चोट ,एक्सीडेंट ,मार्केश का कारक शनि ही है , फिर इन तमाम चीजों के बावजूद शनि न्यायाधीश क्यों।
क्या रक्षक ही भक्षक है।
या फिर न्याय प्रणाली में कोई चुक है।
फिर न्यायाधीश इतना कठोर, इतना क्रुर , इतना हिंसा क्यों।
और अगर शनि न्याय करते हैं तो क्या बाकी ग्रह अन्याय करते हैं सभी ग्रह तो न्याय के ही सूचक है।
सूर्य ग्रहों के राजा है, और राजा ही न्याय करता है ।
चंद्रमा मन का कारक और जब तक मन शांत नहीं आप न्याय की कल्पना भी नहीं कर सकते ।
मंगल पराक्रम, पुरुषार्थ का कारक है , बगैर पराक्रम के न्याय कैसा।
बुध , बुद्धि का कारक है न्याय में भी तो बुद्धि विवेक की आवश्यकता है ।
गुरु ज्ञान का कारक है एक ज्ञानी व्यक्ति ही असल न्याय कर सकता है ।
शुक्र सौंदर्य भौतिकता का कारक है, सुख सुविधा का कारक है , और एक सुखी व्यक्ति ही असल न्याय दे सकता है, भूखा व्यक्ति क्या किसी को न्याय देगा ।
राहु प्रत्यक्ष यथार्थ और घोर चिंतन का कारक है और न्याय देने के लिए परिपक्वता की आवश्यकता है ।
केतु त्याग और मोक्ष का कारक है और न्याय के लिए त्याग का होना आवश्यक है, क्योंकि त्यागी व्यक्ति ही न्याय कर सकता है लोभी व्यक्ति कतई नहीं कर सकता ।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### सैनिकों के अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी

**पटना।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर शनिवार को सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से 01 अणे मार्ग में मुलाकात की और उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किया और देश के बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि उनकी कुर्बानियों अमर है। वे अपने जान की बाजी लगा कर देश पर आए संकटों का मुकाबला बहादुरी के साथ करते हैं। इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये उन्होंने राज्यवासियों से बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान करने की अपील भी की। उन्होंने आगे कहा कि आपका यह अंशदान बहादुर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता होगी।

### नीतीश सरकार ने गोपालगंज को दी 60 करोड़ की सौगात

गोपालगंज। केंद्र की मोदी सरकार हो या बिहार की नीतीश सरकार दोनों ही सरकारे इन दिनों बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गोपालगंज पहुंचे। यहां उन्होंने 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले दुग्ध उत्पादन संयंत्र का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कई मंत्री और अधिकारियों का दल भी मौके पर मौजूद था।

### बिहार लोक सेवा आयोग में नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे खान सर की तबियत बिगड़ी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे मशहूर शिक्षक खान सर की शनिवार को तबीयत खराब हो गई है। उन्हें पटना के डॉ प्रभात मेमोरियल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। हालांकि अब तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि उन्हें हुआ क्या है। बता दें कि शुक्रवार को खान सर छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए गर्दनीबाग इलाके में पहुंचे थे। यहां से सुरक्षा कारणों से पुलिस ने पहले उन्हें हिरासत में ले लिया और फिर उन्हें छोड़ दिया। पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के समर्थन में खान सर ने कहा, 'जब तक नॉर्मलाइजेशन खत्म नहीं होगा तब तक आंदोलन चलेगा। मैं अभ्यर्थियों का साथ दूंगा। नॉर्मलाइजेशन जब रद्द होगा तब वापस

# यमुना का पानी बन गया 'जहर'

## पानी से कैंसर: पीने और नहाने लायक तो छोड़िए छूने लायक भी नहीं

**एजेंसी । आगरा**

यमुना नदी का पानी पीने और नहाने लायक तो छोड़िए सिंचाई के लायक भी नहीं है। केंद्रीय जल आयोग की स्टेटस ऑफ ट्रेस एंड टॉक्सिक मेटल्स इन इंडियन रिवर्स रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। यमुना में क्रोमियम, निकिल, लेड, आयरन जैसी भारी धातुएं मानक से ज्यादा हैं। यह लोगों को हृदय, किडनी और कैंसर जैसी बीमारियों की ओर धकेल रही हैं। आयोग की वेबसाइट पर यह रिपोर्ट जारी की गई है।



### इन वजहों से यमुना में घुली धातुएं

यमुना नदी के पानी में भारी धातुओं के घुलकर जहरीला बनाने में इलेक्ट्रोप्लेटिंग इकाइयां, केमिकल फैक्टरियों का कचरा, वेल्डिंग, रिफाइनिंग, मैटलर्जी, लकड़ी, कोयला जलाना, फाउंड्री से निकला वेस्ट, पेस्टिसाइड, कचरा डंप करना, ऑटोमोबाइल, डिटरजेंट, पानी के पाइप, फर्टिलाइजर का इस्तेमाल जिम्मेदार हैं।

### आगरा और मथुरा का पानी सबसे खराब गुणवत्ता में

केंद्रीय जल आयोग ने आगरा में पोइया घाट के साथ दो जगह और मथुरा में एक स्थान पर यमुना नदी के पानी के सैंपल की जांच में इन भारी धातुओं को पाया है। पूरे देश में आगरा और मथुरा उन 187 शहरों में शामिल हैं, जहां नदियों में तीन भारी धातुएं पाई गई हैं। जल आयोग ने नदियों के पानी में आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम, कॉपर, आयरन, मरकरी, निकिल, लेड और जिंक धातुओं की जांच की थी, जिसमें आगरा और मथुरा में तीन तीन धातुएं पाई गई हैं, जिन्हें आयोग ने पानी की सबसे खराब गुणवत्ता वाली कैटेगरी में रखा है।

### इनसे ये नुकसान

त्वचा रोग, पेट के रोग, अल्सर, फेंफड़ों की खराबी, इम्यून सिस्टम कमजोर करने, हृदय रोग, लेड कॉलिक, किडनी, लिवर फेल होने, फेंफड़ों का कैंसर, जींस में बदलाव आदि की शिकायतें होने लगती हैं।

### वाटर वर्क्स में इन्हें जांचने के उपकरण ही नहीं

आगरा में जीवनी मंडी और सिकंदरा वाटर वर्क्स हैं। इनमें से सिकंदरा वाटर वर्क्स पर 144 एमएलडी क्षमता का एमबीबीआर प्लांट है। यहां यमुना के पानी का शोधन कर आधे शहर को सप्लाई किया जाता है। भारी धातुओं को जांचने के उपकरण वाटर वर्क्स के पास नहीं है, वहीं जलकल विभाग के पास वाटर वर्क्स पर पानी शोधित करने की पुरानी तकनीक है जो भारी धातुओं को अलग नहीं कर सकती।

# सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए छह लाउडस्पीकर

**एजेंसी । आजमगढ़**



आजमगढ़ पुलिस ने न्यायालय के आदेश और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुपालन में एक अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से स्थापित लाउडस्पीकरों और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मानकों के अनुसार प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

### प्रशासनिक अभियान जारी

अभियान के दौरान, पुलिस ने धार्मिक गुरुओं से संवाद स्थापित कर जनपद में 153 ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि कम कराकर मानक के अनुसार कराया गया। वहीं, छह लाउडस्पीकर सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए। इसके अलावा, धार्मिक स्थलों के जिम्मेदार व्यक्तियों को लाउडस्पीकरों की मानक के अनुसार ध्वनि रखने के लिए हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि शासन के निर्देश पर अवैध रूप से सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए हैं। साथ ही जहां तेज ध्वनि में बजाया जा रहा था वहां पर मानक के कराया गया है।

# मिट्टी खसकी, गिर गई दीवार; पांच घायल

## नाले के किनारे बनाई जा रही थी बिजली निगम दफ्तर की बाऊंड्री

**एजेंसी । आगरा**

गोरखपुर। गोरखपुर नार्मल बिजली उपकेंद्र के पास शनिवार को नाले की खुदाई के दौरान बिजली ऑफिस की दीवार गिर गई। इसमें पांच मजदूर दब गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल मजदूरों में घनश्याम, वीरु साहनी, प्रदीप, जोधन, अशोक शामिल रहे। इसमें प्रदीप को गंभीर चोटें आई हैं।

### अस्पताल में भर्ती



नार्मल बिजली उपकेंद्र के पास नाले की खुदाई का काम चल रहा था। बिजली उपकेंद्र की ये बाउंड्री सन 2000 में बनी थी। उस समय ही इस बाउंड्री को नाले के बगल की जमीन पर बनाई गई थी। मजदूरों ने जानकारी के आभाव में नाले के बगल की मिट्टी को एक मीटर नीचे तक खोद दिया और बाउंड्री बनाते जा रहे थे।इसी बीच नाले की बाउंड्री नीचे गिर गई और मजदूर नीचे दब गए। दीवार गिरने पर बिजली निगम के कर्मचारियों को भी चोट आ गई। बिजली निगम के कर्मचारियों और राहगीरों ने मिलकर सभी घायलों को गिरी दीवार से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया।

# जंग के मैदान में बदल गया पटना स्टेशन गोलंबर

**एजेंसी । पटना**



### दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, एक घायल

राजधानी पटना के स्टेशन चौक पर शनिवार को जमकर बवाल हुआ। यहां दुकान लगाने के लिए दो गुटों के बीच शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। इस मारपीट में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट में घायल युवक की पहचान गुड्डू के रूप में हुई है। वह कदमकुआं थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है। वह मूल रूप से सीतामढ़ी का रहने वाला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक गुड्डू को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया और स्थिति को नियंत्रित किया।

# 'सन ऑफ मिथिला' संजीव मिश्रा ने थामा VIP का दामन

**एजेंसी । पटना**

बिहार के चर्चित समाजसेवी और 'सन ऑफ मिथिला' के नाम से मशहूर संजीव मिश्रा विकासशील इंसान पार्टी (VIP) में शामिल हो गए। पटना में आयोजित मिलन समारोह में वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और 'सन ऑफ मल्लाह' मुकेश सहनी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी में उनका स्वागत किया।

### मुकेश सहनी ने दिलाई सदस्यता



### वीआईपी सभी धर्मों और जातियों के लिए: मुकेश सहनी

मिलन समारोह के दौरान बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि वीआईपी पार्टी की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "यह पार्टी किसी एक धर्म या जाति तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।" सहनी ने कहा कि संजीव मिश्रा जैसे समाजसेवी के पार्टी से जुड़ने से वीआईपी और मजबूत होगी।

# आपसी रंजिश और संपत्ति विवाद में जोहान किस्कू की हुई थी हत्या

**एजेंसी । गोड्डा**

झारखंड की गोड्डा पुलिस ने जोहान किस्कू हत्याकांड का खुलासा कर दिया। आपसी रंजिश और संपत्ति विवाद में अपराधियों ने जोहान किस्कू की हत्या कर दी थी। एसआईटी ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से पिस्टल और देसी कट्टा समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शनिवार को पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर ये जानकारी दी।

### तीन आरोपी अरेस्ट



### एसआईटी ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

गोड्डा जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र में पांच नवंबर को जोहान किस्कू को अपराधियों ने गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। इस संबंध में ललमटिया थाने में मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की जांच, अपराधियों की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी के लिए एसपी (पुलिस अधीक्षक) ने महागामा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में SIT का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बिपिन किस्कू, बिटुआ हेंब्रम और मजीबुल अंसारी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी। तीनों आरोपियों ने मर्डर केस में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

# शादी के बंधन में बंधे 401 जोड़े

**एजेंसी । वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पिंडरा तहसील के नेशनल इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित 401 जोड़ो के शादी समारोह में शामिल हुए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक कुरीति पर जोरदार प्रहार है। कहा कि जब दहेज रूपी दानव के कारण अनेकों परिवारों के सामने संकट पैदा होता है, कितनी बेटियां अविवाहित रह जाती हैं। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को महान आयोजन बताया। 401 वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए सीएम योगी ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश में सरकार बनने के बाद उन्होंने महिलाओं को व्यापक स्तर पर सम्मान दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से उन्होंने जो कार्यक्रम शुरू किया, वह आज देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में बेटियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जा रहा, उसका सर्वत्र स्वागत किया जा रहा है।

### CM योगी ने नए जोड़ों को दिया आशीर्वाद



## व्यापार जगत

# कैंसर मरीजों के लिए सरकार ने दी राहत की खबर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत सरकार ने तीन एंटी-कैंसर दवाओं की कीमतों में कमी लाने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके। केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि सरकार ने ट्रास्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब नामक दवाओं पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम करने का इन दवाओं पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को शून्य कर दिया प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

### तीन दवाओं की कम होगी कीमत




### इस वजह से सरकार ने लिया ये फैसला

मंत्री ने यह भी बताया कि इस कदम का उद्देश्य कैंसर से पीड़ित मरीजों को वित्तीय राहत देना और इन दवाओं की सुलभता को बढ़ाना है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अधिसूचनाओं के अनुपालन में निर्माताओं ने इन दवाओं पर एमआरपी कम की है और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) को इस बदलाव की सूचना दी है। इसके अलावा एनपीपीए ने एक ज्ञापन जारी कर कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी दरों में कमी और सीमा शुल्क से छूट के कारण दवाओं की कीमतें घटाएं, ताकि उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिल सके। उदाहरण के लिए एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड ने अपने कई फॉर्मूलेशन की कीमतों में कमी की है।

### इस आदेश से होगा ये फायदा

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने अपने पत्र में यह बताया कि बीसीडी शून्य होने के कारण, दवाओं की कीमतों में कमी तब लागू होगी जब स्टॉक को बाजार में वाणिज्यिक बिक्री के लिए जारी किया जाएगा। इस निर्णय के बाद इन दवाओं की कीमतें अधिक किफायती होंगी। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत में कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। लैंसेट के एक हालिया अध्ययन के अनुसार, 2019 में भारत में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले दर्ज किए गए थे और 9 I3 लाख मौतें हुई थीं, जो एशिया में बीमारी के बोझ का दूसरा सबसे बड़ा योगदान है। सरकार का यह कदम कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए राहत प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी चिकित्सा जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। सरकार का उद्देश्य कैंसर दवाओं की सुलभता बढ़ाना और मरीजों के वित्तीय बोझ को कम करना है, ताकि इलाज के लिए उन्हें अधिक पैसे न खर्च करने पड़े।

# पेनी स्टॉक ने बनाया निवेशकों को करोड़पति

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेनी स्टॉक्स के विषय में एक बात हमेशा कही जाती है कि इसमें रिस्क बहुत अधिक रहता है। लेकिन अधिक रिटर्न की संभावना भी बनी रहती है। प्रवेग एक ऐसा ही पेनी स्टॉक निकला है। जिसने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। कभी इस शेयर का भाव महज 4.34 रुपए था। बीते साल में जोकि 15,700 प्रतिशत बढ़ गया। आज के समय में प्रवेग के शेयरों का भाव 730 रुपए पहुंच गया है। जिसकी वजह से 1 लाख रुपए का निवेश 5 साल पहले करने वाले इनवेस्टर्स का रिटर्न बढ़कर 1.68 करोड़ रुपए हो चुका है।

### 2024 का साल रहा उतार और चढ़ाव भरा



बीते एक महीने के दौरान प्रवेग के शेयरों की कीमतों में जीरो प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 16 प्रतिशत का लाभ मिल चुका है। हालांकि, 2024 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। बीते एक साल में मल्टीहबैगर स्टॉक महज 6 प्रतिशत ही रिटर्न दे पाया है।

### बीते 3 साल में 5 गुना रिटर्न

3 साल पहले प्रवेग के शेयरों की कीमतों में 5.25 गुना की तेजी देखने को मिली है। तब कंपनी के शेयरों का भाव 139 रुपए था। वहीं, 5 साल में स्मॉलकैप ने 15700 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### लगातार डिविडेंड भी दे रही है कंपनी

कंपनी लगातार निवेशकों को डिविडेंड देती आ रही है। 2021 से कंपनी ने हर साल निवेशकों को डिविडेंड दिया है। 2020 में कंपनी ने एक शेयर पर 1 शेयर पर 1 रुपए का डिविडेंड दिया था। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 1300 रुपए और 52 वीक लो लेवल 637.10 रुपए है। कंपनी का मार्केट कैप 1877.65 करोड़ रुपए का है।

# सेमीकंडक्टर चिप की देश में बढ़ी डिमांड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत जल्द ही सेमीकंडक्टर चिप का हब बनने वाला है, इसके लिए सरकार ने सेमीकॉन इंडिया प्रोजेक्ट लॉन्च किया है। इसके जरिए विदेशी निवेशक भारत में सरकारी सहूलियतों के साथ सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन शुरू कर सकते हैं। हाल ही में देश में बीते साल के मुकाबले सेमीकंडक्टर चिप की डिमांड 18.5 फीसदी बढ़ी है। अगर सरकार की योजना सफल हुई तो वो दिन दूर नहीं जब भारत सेमीकंडक्टर चिप आयात करने की जगह निर्यात करना शुरू कर देगा।

### सेमीकॉन इंडियाको मिलेगा बूस्ट



### 18.43 अरब सेमीकंडक्टर चिप की आयात

सरकार ने संसद में कहा कि देश में सेमीकंडक्टर आयात 2023-24 में 18.5 प्रतिशत बढ़कर 1.71 लाख करोड़ रुपए का रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 18.43 अरब सेमीकंडक्टर चिप का आयात किया। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) पोर्टल का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 2022-23 में देश में 1.297 लाख करोड़ रुपए के मूल्य के 14.64 अरब चिप का आयात किया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में देश ने 1.071 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 17.89 अरब चिपसेट का आयात किया। भारत सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर और विदेशी निवेश को आकर्षित कर आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सेमीकॉन इंडिया जैसे कार्यक्रम शुरू किए हैं।

# जापान की PayPay में अपनी हिस्सेदारी बेच रही पेटीएम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशन के मालिकाना हक वाली सिंगापुर बेस्ड वन 97 कम्युनिकेशन सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड, जापान की डिजिटल पेमेंट कंपनी PayPay कॉर्प में अपनी हिस्सेदारी बेच रही है। पेटीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए इसके बारे में जानकारी दी। हालांकि, वन 97 कम्युनिकेशन सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड अपनी हिस्सेदारी कितने में बेच रही है, इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग उस रिपोर्ट के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि वन 97 कम्युनिकेशन, PayPay कॉर्प में अपनी हिस्सेदारी सॉफ्टबैंक को 250 मिलियन डॉलर (2,000 करोड़ रुपए) में बेचने की डील को अंतिम रूप देने के करीब है। पेटीएम ने कहा कि One 97 कम्युनिकेशंस सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड ने 6 दिसंबर को बोर्ड मीटिंग में स्टॉक एक्विजिशन राइट्स को बेचने को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि इस डील से उसका कंसोलिडेटेड कैश बैलेंस बढ़ेगा। हालांकि, कंपनी ने ये नहीं बताया कि कितना कंसोलिडेटेड कैश बैलेंस बढ़ेगा। इससे पहले भारत ने पेटीएम ने अपना मूवी टिकटिंग बिजनेस 21 अगस्त 2024 को ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को बेच दिया था। यह डील 2,048 करोड़ रुपए में हुई थी। इस डील के तहत पेटीएम के एंटरटेनमेंट टिकटिंग बिजनेस की सहायक कंपनियां ऑर्बजेन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और वेस्टलैंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को जोमैटो को ट्रांसफर कर दिया गया है।

# भारत पर मंडराया एडिलेड में हार का खतरा

- तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने शीर्ष बल्लेबाजों का समर्पण
- भारत 29 रन से पीछे, स्कोर 128/5
- कमिंस-बोलैंड को 2-2 विकेट, हेड की सेंचुरी

एजेंसी । एडिलेड

भारत पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में हार का खतरा मंडरा रहा है। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी दूसरी पारी में फ्लॉप साबित हुई और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने समर्पण जारी रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल की थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दूसरी पारी में 128 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 29 रन पीछे है। स्टंप्स के समय ऋषभ पंत 28 रन और नीतीश रेड्डी 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क को एक विकेट मिला। भारत का जिस तरह का प्रदर्शन रहा है, उससे इस डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। भारत ने जसप्रीत बुमराह की अगुआई में पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी में वह दूसरे टेस्ट में मुश्किल में घिरती दिख रही है।




| सत्र | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहला | 26 | 105 | 3 |
| दूसरा | 26 | 141 | 4 |
| तीसरा | 26.3 | 133 | 7 |

### रोहित का फ्लॉप शो जारी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का वापसी के बावजूद फ्लॉप शो जारी है। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे रोहित से दूसरी पारी में काफी उम्मीदें थी, लेकिन एक बार फिर कप्तान ने निराश किया। रोहित खुद को मिले जीवनदान का फायदा भी नहीं उठा सके, जो उन्हें स्टार्क की गेंद पर मिला था जब वह खाता भी नहीं खोल सके थे। यह घटना 18वें ओवर की है। स्टार्क ने इस ओवर की तीसरी गेंद बाउंसर फेंकी, जिस पर रोहित ने आगे बढ़कर डिफेंड करने की कोशिश की। लेकिन गेंद सीधे उनके पैड पर जा लगी। अंपायर ने तुरंत उन्हें आउट करार दिया। वहीं, रोहित ने रिव्यू ले लिया। थर्ड अंपायर ने देखा कि स्टार्क ने ओवरस्टेप किया है, जिसके कारण इसे नो बॉल करार दिया गया जिससे रोहित आउट होने से बचे। रोहित इस साल 14वीं बार दहाई अंक का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं और वह दुनिया के दूसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जो इस साल सर्वाधिक बार सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हुआ है।

### पंत-नीतीश से आस

भारतीय टीम को अब पंत और नीतीश से आस है जो क्रीज पर टिके हुए हैं। गिरते विकेटों के बीच ऋषभ पंत ही ऐसे थे जिन्होंने निडरता दिखाई और लगातार बड़े शॉट खेलकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास किया। पंत 25 गेंदों की अपनी पारी में अब तक पांच चौके जड़ चुके हैं। भारत को अगर बड़ी बढ़त लेनी है तो पंत और नीतीश को करिश्माई साझेदारी करनी होगी और टीम को मुश्किल से निकालना होगा।

### हेड के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ली बढ़त

इससे पहले, ट्रेविस हेड ने 140 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली जिसके दम पर ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 157 रनों की बढ़त हासिल करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को एक विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया और 251 रन बनाने में आखिरी के नौ विकेट गंवा दिए। शुरुआती सत्र में टीम ने मैकस्वीनी (39), स्टीव स्मिथ (2) और मार्नस लाबुशेन के रूप में तीन विकेट गंवाए। लाबुशेन ने 64 रन बनाए। मैकस्वीनी और स्मिथ को बुमराह ने आउट किया, जबकि लाबुशेन को नीतीश रेड्डी ने आउट किया।

### भारत की दूसरी पारी

ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की ओपनिंग जोड़ी विफल रही और टीम को मजबूत शुरुआत नहीं दिला सकी। सबसे पहले राहुल आउट हुए जिन्हें कमिंस ने सात रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। फिर बोलैंड ने यशस्वी (24) और विराट कोहली (11) को आउट कर भारत को दोहरा झटका दिया। शुभमन गिल भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और उन्हें 28 रन के स्कोर पर स्टार्क ने बोल्ड किया। कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म दूसरी पारी में भी जारी रही जो कमिंस की गेंद पर छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे दिन सभी पांच विकेट तेज गेंदबाजों ने झटके और भारत के शीर्ष बल्लेबाजों का उनके सामने समर्पण साफ नजर आया।

जूनियर एशिया कप हॉकी

# बेटियों की पहली टक्कर बांग्लादेश से



"हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और हमारे देश को गौरवान्वित करेगी। यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ हैं।'
**-ज्योति सिंह**, भारतीय कप्तान

**मस्कट।** लड़कों के बाद अब बेटियां भी जूनियर एशिया कप में अपना खिताब बचाने उतरेंगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम रविवार को अपने अभियान का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। इस टूर्नामेंट को जीतकर टीम की निगाह अगले साल होने वाले जूनियर विश्व कप का टिकट कटाने की भी होगी।

### ज्योति सिंह करेंगी अगुआई

कोच तुषार खांडेकर के मार्गदर्शन में भारत की अगुआई ज्योति सिंह करेंगी जबकि साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं। पिछले साल भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के साथ एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के साथ अगले साल के विश्व कप में भी जगह बनाएंगी।

# बेथल-डकेट के दम पर इंग्लैंड का बड़ा स्कोर

**वेलिंगटन।** गस एटकिंसन (31/4) की हैट्रिक के बाद जैकब बेथेल (96) और बेन डकेट (92) की आक्रामक बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दूसरी पारी में पांच विकेट पर 378 रन बनाकर 533 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर जो रूट 73 और कप्तान बेन स्टोक्स 35 रन बनाकर क्रीज पर थे। इंग्लैंड की टीम जब भी अपनी पारी को घोषित करेगी न्यूजीलैंड को इस मैच को जीतने के लिए टेस्ट का नया रिकॉर्ड कायम करना होगा। चौथी पारी में सफलतापूर्वक सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है। उसने सेंट जोन में 21 साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 418 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### रूट का 100वीं बार 50 प्लस का स्कोर



रूट अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ 100 बार 50 प्लस (65 अर्धशतक, 35 शतक) का स्कोर करने वाले इंग्लैंड के पहले जबकि कुछ चौथे बल्लेबाज बन गए। वह दिग्गज भारतीय सचिन तेंदुलकर (119), दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (103) और रिकी पोंटिंग (103) के क्लब में शामिल हो गए।

# भारतीय महिला टीम के लिए सीरीज बचाने की चुनौती

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा वनडे आज
- भारतीय बल्लेबाजों को खेलनी होंगी बड़ी पारियां

**आमने-सामने**
कुल मैच : 44
भारत जीता : 10
ऑस्ट्रेलिया जीता : 34

**ब्रिसबेन।** भारतीय टीम पहले मुकाबले में मिली शर्मनाक हार के बाद रविवार को जब दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसके सामने सीरीज बचाने की चुनौती होगी। टीम को बराबरी दिलाने का दारोमदार बल्लेबाजों पर होगा। भारतीय टीम पहले मुकाबले 34.2 ओवर में मात्र 100 रन पर सिमट गई थी जो बारह साल में उसका न्यूनतम स्कोर है। गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट निकाल दिए थे लेकिन लक्ष्य इतना छोटा था कि किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं थी।



### नंबर गेम

- 5 लगातार मुकाबले जीते हैं ऑस्ट्रेलिया ने। भारत ने पिछली जीत सितंबर 2021 में दर्ज की थी
- 17 मैच दोनों ने ऑस्ट्रेलिया में खेले हैं जिसमें से मेजबान टीम ने 13 और भारत ने चार जीते हैं

### हरमन का खराब प्रदर्शन जारी

भारत को अगले साल वनडे विश्व कप की मेजबानी करनी है। उससे पहले बल्लेबाजी और गेंदबाजी संयोजन में सुधार करने के लिए टीम के लिए यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। बारिश के कारण एक अभ्यास सत्र धुलने के बाद टीम अधूरी तैयारी के साथ उतरी है। टी-20 विश्व कप में नाकामी और व्यक्तिगत खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुरुआत तो अच्छी की लेकिन टिक नहीं सकी। उनका खराब प्रदर्शन जारी है। रोड्रिग्स और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम में लौटी रिचा ने भी निराश किया। उनके आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी में गहराई का अभाव साफ नजर आया।

### मेगान से बचकर रहना होगा

दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना विजय रथ जारी रखना चाहेगी। टीम ने भारत के खिलाफ पिछले लगातार पांच मुकाबले जीते हैं। गेंदबाजी में मेगान ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट निकालकर भारत को करारे झटके दिए थे। भारतीय टीम को मेगान से बचकर रहना होगा। वह अपना यही प्रदर्शन जारी रखना चाहेगी। बल्लेबाजी में फीबी लिचफील्ड और जार्जिया वोल फिर बड़ी पारी खेलना को बेताब होंगी।

### रेणुका से फिर उम्मीद

भारत के लिए राहत की बात गेंदबाजों का प्रदर्शन रही। रेणुका ने एक ही ओवर में एलिसे पैरी और बेथ मूनी के विकेट लेकर सनसनी फैला दी थी तो अपनी दूसरी सीरीज खेल रही लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने दो ओवर में ग्यारह रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत को दूसरे मैच में भी गेंदबाजों से इस प्रदर्शन के दोहराव की उम्मीद होगी जबकि ऑस्ट्रेलिया का ट्रंप कार्ड मेगान का शानदार फॉर्म है।

# 'एनिमल' ने मेरी जिंदगी बदल दी: बॉबी देओल

बॉबी देओल ने अपने करियर की शुरुआत में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और एक स्टार के रूप में दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाई। हालांकि, उनके एक्टिंग करियर में एक समय ऐसा भी आया, जब उन्हें काम मिलना बंद हो गया और फिर मजबूरन उन्हें ब्रेक लेना पड़ा। करियर की दूसरी पारी में वेब सीरीज 'आश्रम' उनके लिए वरदान बनकर आई, लेकिन फिल्म 'एनिमल' ने वो कमाल किया, जिसकी चाह उन्हें हमेशा से थी।



### बच्चे-बच्चे तक 'जमाल कुडू' से ही मुझे पहचानते हैं

'एनिमल' के गाने 'जमाल कुडू' ने भी रिकॉर्डतोड़ सफलता हासिल की। इस पर बॉबी बोले, ?शुक्र है 'जमाल कुडू के उस वायरल स्टेप का, जिसमें मैंने गिलास सिर के ऊपर रखकर डांस किया। यह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा का आइडिया था। इसकी कोई कोरियोग्राफी नहीं हुई थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ये वायरल हो जाउगा। मुझे बच्चे इसी स्टेप से जानते हैं। मैं हमेशा युवा पीढ़ी से जुड़ना चाहता था, एनिमल ने यह ख्वाहिश भी पूरी कर दी।

### 'एनिमल पार्क' के बारे में क्या बोले बॉबी?

जब बॉबी से पूछा गया कि खबरें कि फिल्म के सीक्वल 'एनिमल पार्क' में उनके किरदार अबरार का पुनर्जन्म होगा तो वह बोले, ?मैंने इस फिल्म की सालगिरह का जश्न मनाने के लिए संदीप को फोन किया था। मुझे इस बारे में कोई खबर नहीं है कि इस फिल्म क सीक्वल बन रहा है या नहीं। हालांकि, मुझे उम्मीद है कि यह बनेगा, क्योंकि दर्शक इसका दूसरा भाग चाहते हैं।


### 'एनिमल' ने पूरा किया बॉबी का सपना

बॉबी ने अपनी इस फिल्म पर बात की और कहा, एनिमल ने मेरी पूरी जिंदगी बदल दी। इसने मुझे वो साल दिया, जिसका सपना मैं हमेशा देखा करता था। मैं जहां कहीं भी जाता हूं, अब भी लोगों के उस प्यार को महसूस करता हूं। वो मुझे दुआएं दते हैं। यह सचमुच जबरदस्त है। 'एनिमल' एकमात्र ऐसी फिल्म ने, जिसने मुझे सिखाया कि आप सफलता से प्रभावित नहीं हो सकते। आपको इसका सम्मान करना है।

# 'पुष्पा 2' का धमाल

## 2 दिन में 400 करोड़ का आंकड़ा पार

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' लगातार बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रश्मिका मंदाना अल्लू अर्जुन के अपोजिट दिख रही हैं. इस फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है. ओपनिंग डे पर ही 'पुष्पा 2' भारत की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई. इस फिल्म ने एसएस राजामौली की 'आरआरआर' का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 282.91 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं अब सबकी निगाहें फिल्म के दूसरे दिन की कलेक्शन पर टिकी है. बॉलीवुडलाइफ की इस रिपोर्ट में जानें 'पुष्पा 2' ने दूसरे दिन दुनियाभर में कितना कलेक्शन किया है।



### 'पुष्पा 2' ने दो दिनों में कमाए 400 करोड़ रुपये

ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला के मुताबिक 'पुष्पा 2' ने दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर धांसू कमाई की है. इस फिल्म ने पहले दिन जहां वर्ल्डवाइड स्तर पर 282 .91 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था तो वहीं दूसरे दिन सुकुमार के निर्देशन में बनी इस मूवी ने 134 .63 करोड़ रुपये की कमाई की . इस हिसाब से फिल्म ने केवल दो दिनों में ही 417 .54 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो एक बड़ा रिकॉर्ड है।



# सायरा बानो की तबीयत खराब

दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार की पत्नी और मशहूर अभिनेत्री सायरा बानो की तबीयत ठीक नहीं है। वह कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमोनिया के बाद उनकी पिंडली में खून के थक्के बन गए हैं, जिसके चलते उन्हें चलने-फिरने में बहुत तकलीफ हो रही है। अक्टूबर 2024 में निमोनिया की वजह से सायरा अस्पताल में भर्ती हुई थीं। 2021 में पति के निधन के बाद से ही उनकी सेहत खराब चल रही है। सायरा इन दिनों स्वास्थ्य संबंधी कई गंभीर समस्याओं को सामना कर रही हैं। 2 महीने पहले उनके निमोनिया से पीड़ित होने की खबर सामने आई थी।अक्टूबर, 2024 में गंभीर निमोनिया के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।



# शाहरुख खान और सलमान खान के साथ फिल्म करना चाहते हैं आमिर खान

शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान को उनके प्रशंसक एक साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखना चाहते हैं। आमिर खान ने अपने एक इंटरव्यू के बारे में बात की। आमिर ने दोनों अभिनेताओं के साथ लगभग छह महीने पहले एक साथ फिल्म करने के बारे में हुई बातचीत को साझा किया और कहा कि वे "सही स्क्रिप्ट" का इंतजार कर रहे हैं।

आमिर खान ने इस बारे में की बात में कहा, "ठीक है, लगभग छह महीने पहले, शाहरुख, सलमान और मैं एक साथ थे और हमने इस बारे में बात की थी। वास्तव में, मैं ही वह व्यक्ति था जिसने इस मुद्दे को उठाया। मैंने शाहरुख और सलमान से कहा कि अगर हम तीनों एक साथ फिल्म नहीं करते हैं तो यह वास्तव में दुखद होगा।

### सलमान और शाहरुख के साथ करना है काम

आमिर खान ने कहा, मुझे लगता है सलमान खान और शाहरुख खान इस प्रस्ताव को मान चुके हैं। उन्हें भी लगा कि जरूर हमें करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए हमें एक अच्छी कहानी चाहिए। हमें एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है, हालांकि हम तीनों भी काम करने के लिए उत्साहित हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**न्यूज़ ब्रीफ**

### नौ साल में टीबी में कमी की दर आधी हुई : नड्डा

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को हरियाणा के पंचकूला में टीबी के मामलों और इसके कारण होने वाली मृत्यु की दर को कम करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2015 से भारत में टीबी के मामलों में कमी की दर दोगुनी हो गई है। नड्डा ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान 33 राज्यों के उन 347 जिलों में लागू किया जाएगा, जहां इसके केस ज्यादा हैं। यह अभियान मरीजों की पहचान, उनके इलाज में तेजी लाने के साथ उपचार के परिणामों में सुधार पर केंद्रित है। केंद्रीय मंत्री ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में देश के लंबे संघर्ष पर प्रकाश डाला और कहा कि एक समय टीबी को 'धीमी मौत माना जाता था।

### ओवैसी की पार्टी भी लड़ेगी दिल्ली विस चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने भी तैयारियां शुरू करते हुए प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। जिसकी कमान दिल्ली AIMIM प्रमुख शोएब जमई ने संभाल रखी है और वे इन दिनों 'कौमी इंसाफ यात्रा' निकाल रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने शहर में मुसलमानों की खराब स्थिति को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने केजरीवाल को RSS का छोटा रिचार्ज बताते हुए कहा कि मुसलमानों ने उन्हें खूब वोट दिया लेकिन उन्हें सिर्फ धोखा मिला।

### तेलंगाना में तेज रफ्तार कार झील में गिरी, 5 मरे

**यदाद्री-भुवनगिरी।** तेलंगाना के यदाद्री-भुवनगिरी जिले में शनिवार को एक कार झील में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। कार में छह युवक सवार थे। उनमें से एक कार की खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकलने में कामयाब रहा। सभी हैदराबाद के रहने वाले थे। उनकी उम्र 20-25 साल थी।

### असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कैबिनेट का किया विस्तार

**दिसपुर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को अपने कैबिनेट का विस्तार किया। कैबिनेट में चार नए मंत्रियों को शामिल किया गया है। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने इन चार नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें प्रसंता फूकन, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और रुपेश गोला का नाम शामिल है। ये सभी भारतीय जनता पार्टी (BJP) के विधायक हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री सरमा और उनके कैबिनेट के सदस्य भी उपस्थित थे।

### टीचर ने किया सुसाइड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला टीचर (58) जसबीर कौर ने फेसबुक पर लाइव आकर सुसाइड कर लिया। घटना 5 दिसंबर को हुई थी। सुसाइड के दौरान महिला ने स्कूल के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट पर मेंटली टॉर्चर करने का आरोप लगाया था। जसबीर का शव उनके दक्षिणेश्वर इलाके में मौजूद अपार्टमेंट में फंदे पर लटका मिला था। उनके भाई जसबिंदर सिंह ने खालसा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल (KMSSS) की प्रिंसिपल गुरमीत कौर अरजानी, मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष दविंदर सिंह बेनीपाल, सचिव गुरदेव सिंह लपरन समेत अन्य लोगों के खिलाफ सुसाइड के उकसाने का केस दर्ज कराया था।

# पाकिस्तान के सपोर्ट से रोहिंग्या आतंकवादियों को ट्रेनिंग दे रहा है बांग्लादेश

## बांग्लादेश में रोहिंग्या म्यांमार की सेना के साथ लड़ने के लिए जुटे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी ट्रेनिंग देने की खबरें सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि इन्हें ट्रेनिंग देने के बाद म्यांमार में जारी गृहयुद्ध में शामिल होने के लिए भेजा जाता है। बता दें कि भारत के पड़ोसी देश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से चरमपंथी हिंसा बढ़ती जा रही है। अब रोहिंग्याओं को आतंकी बनाने की खबरें चौंकाने वाली हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन से रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी गतिविधियों के लिए ट्रेनिंग दे रहा है। 250 से ज्यादा रोहिंग्याओं को ट्रेन किया जा रहा है। इसके लिए सऊदी अरब और मलेशिया के जरिए 2.8 करोड़ रुपए की फंडिंग हुई है। यह खतरनाक घटनाक्रम क्षेत्रीय शांति को अस्थिर कर सकता है और भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकता है।



### आतंकवाद की ओर बढ़ते कदम

रिपोर्ट के मुताबिक, रोहिंग्याओं को बांग्लादेश में ट्रेनिंग दी जा रही है और म्यांमार में लड़ने के लिए भेजा रहा है। बांग्लादेश में स्थिते दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर कॉक्स बाजार से जुलाई में 32 वर्षीय रफीक ने नाव के जरिए म्यांमार की सीमा पार की। उसका मकसद म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध में शामिल होना था। रफीक ने बताया, ₹हमें अपनी जमीन वापस पाने के लिए लड़ना होगा। और कोई रास्ता नहीं है।₹ कॉक्स बाजार के शिविरों में इस साल उग्रवादी गतिविधियों और भर्ती में तेजी देखी गई है। चार विश्वसनीय सूत्रों और दो आंतरिक एजेंसी रिपोर्टों के अनुसार, शिविरों में हिंसा और उग्रवाद का स्तर बढ़ता जा रहा है।

### रोहिंग्या समूह और शिविरों में अस्थिरता

कॉक्स बाजार में सक्रिय दो प्रमुख रोहिंग्या उग्रवादी समूह, रोहिंग्या सॉलिडेरिटी ऑर्गनाइजेशन (RSO) और अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (ARSA), को शिविरों में व्यापक समर्थन नहीं मिल रहा है। लेकिन शिविरों में हथियारबंद रोहिंग्या उग्रवादियों का उभरना बांग्लादेश के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ शाहब इनाम खान ने चेतावनी दी है कि शिविरों के निराश शरणार्थियों को अन्य संगठन आतंकी गतिविधियों में शामिल कर सकते हैं। यह स्थिति क्षेत्रीय शांति को प्रभावित कर सकती है।

### सबसे बड़ी देशविहीन आबादी है रोहिंग्या

रोहिंग्या मुख्य रूप से मुस्लिम समूह है जो दुनिया की सबसे बड़ी देशविहीन आबादी है। इस आबादी ने 2016 में बौद्ध-बहुल म्यांमार की सेना के हाथों नरसंहार से बचने के लिए बांग्लादेश की ओर भागना शुरू कर दिया था। तब से वे भारत और बांग्लादेश सहित कई देशों में विभिन्न जगहों पर बसे हुए हैं। 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट किए जाने के बाद से म्यांमार में लंबे समय से चल रहे विद्रोह ने जोर पकड़ लिया है। इसमें कई सशस्त्र समूह हैं। इसमें अब रोहिंग्या लड़ाके भी शामिल हो गए हैं। ये लड़ाके उसी म्यांमारी सेना के साथ मिलकर लड़ रहे हैं जिसने कभी उन पर अत्याचार किया था। इसकी वजह अराकान आर्मी (एए) को बताया जा रहा है। कहा जाता है कि अराकान आर्मी (एए) ने भी रोहिंग्याओं पर अत्याचार किए थे और उन्हें भागने के लिए मजबूर किया। अब रोहिंग्या अपने पूर्व सैन्य उत्पीड़कों के साथ मिलकर अराकान आर्मी से लड़ने के लिए समूहों में शामिल हो गए हैं। अराकान आर्मी एक जातीय मिलिशिया है जिसने पश्चिमी म्यांमार के रखाइन राज्य के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लिया है। रोहिंग्याओं के लड़ाई में उतरने के पीछे अराकान आर्मी प्रमुख वजह नहीं है। प्रमुख वजह है नागरिकता। खबरों के मुताबिक, म्यांमारी सेना ने रोहिंग्याओं को कई तरह के लालच दिए हैं जिससे वे लड़ाई में कूदे हैं।

### म्यांमार की सैन्य भूमिका

हालांकि म्यांमार की सेना ने रोहिंग्या मुसलमानों को प्रशिक्षण और हथियार देने की बात को नकारते हुए कहा कि वे केवल अपने गांवों की सुरक्षा के लिए यह कदम उठा रहे हैं। लेकिन रोहिंग्या उग्रवादियों ने आरोप लगाया है कि सेना ने उन्हें नागरिकता का लालच देकर हथियार उठाने पर मजबूर किया।

### बांग्लादेश की रणनीति और सेना का दृष्टिकोण

बांग्लादेश के रिटायर्ड ब्रिगेडियर जनरल मंजर कादिर का मानना है कि रोहिंग्या उग्रवाद को समर्थन देकर म्यांमार की सेना और अराकान आर्मी (AA) पर दबाव बनाया जा सकता है। इससे रोहिंग्या शरणार्थियों की वापसी की प्रक्रिया तेज हो सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने पहले भी ऐसे सशस्त्र समूहों का सहयोग किया था, हालांकि इसका कोई ठोस रणनीतिक निर्देश नहीं था।

### क्षेत्रीय अस्थिरता और भारत के लिए चिंता

इस पूरे घटनाक्रम से भारत के लिए सुरक्षा चुनौतियां बढ़ सकती हैं। म्यांमार और बांग्लादेश के बीच अस्थिरता का प्रभाव न केवल पूर्वोत्तर भारत पर पड़ेगा, बल्कि आतंकवादी गतिविधियों के जरिए क्षेत्रीय शांति पर भी असर होगा। बांग्लादेश के लिए यह स्थिति एक ₹टिकिंग टाइम बम₹ बन चुकी है, क्योंकि हिंसा और उग्रवाद की बढ़ती घटनाएं शरणार्थियों की वापसी के प्रयासों को और जटिल बना रही हैं। कुल मिलाकर रोहिंग्या संकट अब एक अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुका है, जिसमें आतंकवाद, शरणार्थी संकट, और क्षेत्रीय अस्थिरता के कई पहलू शामिल हैं। भारत समेत क्षेत्रीय देशों को मिलकर इस समस्या का हल निकालना होगा, ताकि मानवता और शांति को बचाया जा सके।

# शंभू बॉर्डर पर डटे किसान

## पंढेर बोले- आज किसानों का एक जत्था करेगा दिल्ली कूच

**एजेंसी । नई दिल्ली**

किसानों ने शनिवार को दूसरे दिन भी अपना आंदोलन जारी रखा और हरियाणा-पंजाब शंभू सीमा पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए। आंदोलनकारी किसान रविवार को दिल्ली कूच करने वाले हैं। किसान संगठनों ने कहा कि 8 दिसंबर, रविवार को दोपहर 12 बजे किसानों का जत्था शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली की ओर कूच करेगा। हालांकि इससे पहले वे यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि क्या केंद्र बातचीत के लिए कोई प्रस्ताव देता है? दूसरी ओर, अंबाला में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज मोर्चे को चलते हुए 299 दिन हो गए हैं। खन्नौरी बॉर्डर के डल्लेवाल के अनशन को 12 दिन हो गए हैं। दो किसान शुक्रवार को पुलिस की कार्रवाई में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कुल 16 किसान घायल हुए हैं। 4 किसानों को छोड़कर बाकी की अस्पताल से छुट्टी दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार से बातचीत का कोई न्यौता नहीं आया है। रविवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे 101 किसानों का जत्था शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ेगा। किसी किसान के पास हथियार नहीं होगा। हरियाणा पुलिस हम पर झूठा आरोप लगा रही है कि किसानों के पास हथियार थे।




### दिल्ली की ओर रवाना होगा किसानों का जत्था

पंढेर ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से केंद्र सरकार और बीजेपी का चेहरा सबके सामने आ गया है। निहत्थे किसानों को दिल्ली पैदल जाने से रोका जा रहा है। सरकार मान रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य से आधा पैसा दिया जा रहा है। शिवराज सिंह चौहान देश को भ्रमित करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी के कानून की मांग कर रहे हैं। सरकार हमसे बात करने के मूड में नहीं है। इसलिए कल 101 किसानों का जत्था शंभू बॉर्डर से एक बार फिर दिल्ली की और रवाना होगा। दूसरी ओर, ग्रेटर नोएडा किसानों के समर्थन में पहुंचे एसपी सरधना विधायक अतुल प्रधान को पुलिस ने रोक लिया। भारी पुलिस फोर्स मौके पर सिरसा कासना टोल प्लाजा पर उन्हें रोका दिया। अतुल प्रधान को किसानों के समर्थन में पहुंचे थे।

### शुक्रवार को क्या हुआ था?

किसान संगठिनों का आरोप है कि सीमा पर आंसू गैस के गोले दागने से 16 किसान घायल हो गए। किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम, गैर-राजनीतिक) के बैनर तले 101 किसानों के एक जत्थे ने राजधानी की ओर मार्च शुरू किया और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाए गए बहुस्तरीय बैरिकेडिंग द्वारा कुछ मीटर की दूरी पर ही उन्हें रोक दिया गया। उसके बाद किसान संगठनों ने मार्च को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया था। आंदोलनकारी किसानों की मांगों में एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी, कृषि कर्ज माफी, पेंशन, बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं करना, पुलिस मामलों (किसानों के खिलाफ) को वापस लेना आदि शामिल हैं।

# 2014 के बाद गरीबी से बाहर आए 25 करोड़ लोग : शाह

## पीएम ने हर महीने 65 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त किया वितरित

**एजेंसी । अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि 2014 से पहले की सरकारें कल्याणकारी राज्य के संवैधानिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरे मन से काम नहीं करती थीं लेकिन इस अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविकता में बदला। शाह ने कहा, मोदी इस मंत्र को समझते हैं कि "भारत का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक इसकी 60 करोड़ आबादी गरीब रहेगी।" प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए काम किया। अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक समारोह में शाह ने कहा, सरकार अकेले इतना बड़ा काम नहीं कर सकती। अगर ट्रस्ट, व्यक्ति और सेवा संगठन एक साथ आ जाएं तो हम जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि बहुत मंथन के बाद संविधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि कल्याणकारी राज्य की स्थापना संविधान का मूल उद्देश्य होना चाहिए।



### मोदी के संकल्प से कल्याणकारी राज्य की अवधारणा वास्तविकता बनी


वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद मोदी ने संकल्प लिया कि एक भी घर ऐसा नहीं होगा जहां शौचालय न हो और एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसके पास घर और रसोई गैस सिलेंडर न हो। उन्होंने संकल्प लिया कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट सोने को मजबूर न हो और हर महीने 65 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त वितरित किया। यह दुनिया में कहीं भी अभूतपूर्व है। मोदी ने 2014 से 60 करोड़ लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर यह सुनिश्चित किया कि संविधान निर्माताओं द्वारा परिकल्पित कल्याणकारी राज्य की अवधारणा वास्तविकता बन जाए।

### गुजरात में धर्मार्थ अस्पतालों में सबसे अधिक बिस्तर

केंद्रीय मंत्री ने कहा, गुजरात देश में अग्रणी राज्य है जहां कई शैक्षणिक संस्थान और गुरुकुल अपने-अपने तरीके से गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रहे हैं। गुजरात में धर्मार्थ अस्पतालों में सबसे अधिक बिस्तर हैं। जनसंख्या के अनुपात में यहां सबसे अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं तथा यहां बड़ी संख्या में लोग अंगदान के लिए पंजीकृत हैं।

# पूजास्थल कानून पर नई बेंच बनी, सुप्रीम कोर्ट में 12 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में पूजास्थल कानून (प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट- 1991) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच बनाई गई है। इसमें CJI संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन हैं। यह बेंच 12 दिसंबर को दोपहर 3.30 बजे सुनवाई करेगी। पहले 5 दिसंबर को ही यह सुनवाई होनी थी। उस दिन CJI संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच सुनवाई से पहले ही उठ गई थी।



### इन्होंने दायर की थी याचिका

याचिका दायर करने वालों में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, भाजपा नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय समेत कई अन्य शामिल हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह एक्ट कहता है कि पूजास्थलों और तीर्थस्थलों का स्वरूप वैसा ही रखा जाएगा, जैसा 15 अगस्त, 1947 को था। भविष्य में भी उन पर विवाद के संबंध में अदालत में कोई मुकदमा या कार्यवाही नहीं होगी। इसके अलावा इस एक्ट के लागू होते वक्त यानी साल 1991 में कोर्ट में चल रहे ऐसे सभी मुकदमे खत्म हो गए थे। सिर्फ अयोध्या के बाबरी मस्जिद विवाद को इससे छूट दी गई थी। वहीं, जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने इन याचिकाओं के खिलाफ याचिका दायर की है। जमीयत का तर्क है कि एक्ट के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करने से पूरे देश में मस्जिदों के खिलाफ मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद का रखरखाव करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी ने भी इन याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है।

**आरोप** राहुल गांधी ने बीजेपी पर साधा निशाना

# पूंजीपतियों को छूट, आम जनता पर टैक्स का बोझ...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की टैक्स नीति को लेकर सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार आम जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा रही है, जबकि पूंजीपतियों को टैक्स में राहत दी जा रही है। राहुल ने कॉरपोरेट टैक्स और इनकम टैक्स के बीच बढ़ते अंतर को ध्यान में लेते हुए उन्होंने इसे 'घोर अन्याय' बताया उन्होंने कहा कि सरकार 'गब्बर सिंह टैक्स' के नाम पर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई पर निशाना साध रही है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि सरकार GST (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) की वसूली बढ़ाने के लिए एक नया टैक्स स्लैब लाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की जरूरत की चीजों पर GST दरें बढ़ाने की योजना है। खासकर, 1500 से अधिक कीमत के कपड़ों पर GST को 12% से बढ़ाकर 18% करने की खबर को लेकर उन्होंने सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह शादी के सीजन में उन परिवारों के लिए बड़ा झटका है, जो महीनों से पैसे इकट्ठा कर रहे हैं।



### सरकार पर दबाव बनाएंगे राहुल

कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट के अंत में कहा कि पार्टी आम लोगों पर टैक्स के बोझ को कम करने और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएगी। साथ ही राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में जनता को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों की रक्षा के लिए है।

### गब्बर सिंह टैक्स का दिया उदाहरण

राहुल गांधी ने इसे 'गब्बर सिंह टैक्स' का उदाहरण बताते हुए कहा कि सरकार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई पर निशाना साध रही है। वहीं दूसरी ओर, अरबपतियों को टैक्स में छूट दी जा रही है और उनके बड़े कर्ज माफ किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे जनता के साथ घोर अन्याय बताया और कहा कि इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी मजबूती से आवाज उठाएगी।

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग पक्षी बनेगी मां

## अजब गजब : 74 साल की अल्बाट्रॉस अंडा देने को तैयार

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

दुनिया की सबसे बुजुर्ग जंगली चिड़िया 74 वर्ष की उम्र में फिर से अंडा देने को तैयार है। समुद्री पक्षी अल्बाट्रॉस अलास्का के मिडवे एटोल स्थित राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य में एक घोंसला बनाते देखी गई है। विस्डम नामक इस चिड़िया को अपने नए साथी के साथ बातचीत करते हुए भी रिकॉर्ड किया गया है। इस चिड़िया की प्रजाति के अन्य पक्षी आमतौर पर 12 से 40 साल तक ही जीवित रहते हैं। ऐसे में इतने वर्षों तक जिंदा रहना और इस उम्र में अंडा देना एक रोचक और दुर्लभ घटना है। विस्डम को पक्षी विज्ञानियों ने वर्ष 1956 में टैग किया था, तब वह सिर्फ पांच साल की थी।

### नए पार्टनर के साथ नजर आई

अल्बाट्रॉस पक्षी आमतौर पर जीवनभर एक ही साथी के साथ रहते हैं। हालांकि, विस्डम का पहला साथी मर चुका है और वह अब किसी और नर अल्बाट्रॉस के साथ नजर आई है। पक्षी प्रेमियों ने इसे एक दुर्लभ घटना बताया है।



**पक्षी की खासियत**

- 50 अंडे देती है एलबेट्रॉस अपने पूरे जीवनकाल में
- 80 इंच से अधिक होती है इस पक्षी के पंखों की लंबाई
- 1500 किलोमीटर तक उड़ सकता है खाने की तलाश में

### वर्ष 2021 में भी दिया था अंडा

अल्बाट्रॉस का आखिरी अंडा 2021 में फूटा था और माना जाता है कि उसने अपने जीवनकाल में 50 से ज्यादा बच्चे दिए हैं। यूएस फिश एंड वाइल्डलाइफ़ सर्विस ने विस्डम की एक नई साथी के साथ अपने अंडे को पालते हुए तस्वीरें खींचीं थी।